कोटद्वार, सोमवार
7 अप्रैल 2025
वर्षः 46
अंकः 318 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

सड़क हादसे में नर्सिंग के छात्र की मौत, दूसरा घायल

रुद्रपुर। हल्द्वानी रोड पर शनिवार देर रात बेनी मजार के पास डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक बेनी नदी में जा गिरे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों को सीएचसी लाया गया। यहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिस युवक की मौत हुई है, वह सूरजमल कॉलेज किच्छा से नर्सिंग का कोर्स कर रहा था। घायल युवक भी छात्र है। शनिवार रात अनुराग मिश्रा पुत्र अनिल मिश्रा और अमन कुमार पुत्र रामनरेश निवासी राजीव नगर बिन्दुखत्ता लालकुआं बाइक से सितारगंज में विवाह समारोह से शामिल होकर लौट रहे थे। देर रात लगभग डेढ़ बजे हल्द्वानी रोड पर बेनी मजार के निकट एक डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सड़क पर गिर गई, जबकि दोनों युवक बेनी नदी में जा गिरे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। 108 एम्बुलेंस से दोनों को सीएचसी लाया गया। यहां चिकित्सकों ने अनुराग मिश्रा को मृत घोषित कर दिया। जबकि अमन को हायर सेंटर रेफर किया गया है। किच्छा कोतवाली के एसआई ओमप्रकाश नेगी ने बताया कि अनुराग मिश्रा सूरजमल कॉलेज किच्छा से नर्सिंग का कोर्स कर रहा था। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ब्रह्मखाल बाजार में दुकान में लगी आग

उत्तरकाशी। डुंडा ब्लॉक के ब्रह्मखाल बाजार में शनिवार रात को एक टेलर्स की दुकान में लग गई। जिससे दुकान में रखे कपड़े, मशीन सहित अन्य सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण शॉट सर्किट बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात को ब्रह्मखाल स्थित अरविंद सिंह रावत की दुकान में शार्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई। आसपास स्थित लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व फायर सर्विस को दी। जिसके बाद पुलिस की फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन इससे पूर्व दुकान में रखा सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। आगजनि की इस घटना में दुकानदार को लाखों का नुकसान पहुंचा है।

बाइक दुर्घटना में लापता युवक का 14 घंटे बाद मिला शव

पिथौरागढ़। घोरपट्टा–चौबाटी सड़क दुर्घटना के बाद लापता चल रहे युवक का 14 घंटे बाद शव बरामद हुआ। पुलिस ने पंचनामा भरकर और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। रविवार सुबह छह बजे के आसपास थानाध्यक्ष हरीश सिंह के नेतृत्व में पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने दूसरे दिन भी बाइक सवार लापता युवक अखिलेश भट्ट (28) पुत्र जगदीश भट्ट की खोजबीन को सर्च अभियान चलाया। दो घंटे की खोजबीन के बाद सड़क से करीब 150मीटर दूर मोपानी की चट्टान में युवक का शव फंसा हुआ मिला। रेस्क्यू टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद शव खाई से निकाला। इधर युवक की एकाएक मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना से युवक के माता–पिता, दादा–दादी व बड़ा भाई स्तब्ध हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक हिमाचल में पेराग्लाइडिंग ट्रेनर का कार्य करता था और करीब एक माह से घर पर ही रह रहा था।

नवमी के अवसर पर मां नैना देवी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

नैनीताल। सरोवर नगरी के प्रसिद्ध मां नैना देवी मंदिर में नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी हुई है। रविवार को मंदिर में प्रातः पूजा अर्चना के बाद हवन यज्ञ के बाद कन्या पूजन किया गया। पंडित नवीन तिवारी ने पूजा संपन्न कराई। मंदिर परिसर के साथ ही चाट पार्क और नैना देवी पार्क में भी लोगों ने गरीब कन्याओं का कन्या पूजन किया और मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही शहर के अन्य मंदिरों में भी सुबह से ही लोगों का आना जाना लगा हुआ है और लोग अपने अपने घरों में भी कन्या पूजन किया।इस दौरान राजीव लोचन साह, बसंत बल्लभ पांडे, शैलेश मेलकानी, भुवन कांडपाल आदि मौजूद रहे।

रेल से रिश्तों की रफ्तार

श्रीलंका में पीएम मोदी ने किया दो परियोजनाओं का लोकार्पण

अनुराधापुरा ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ अनुराधापुरा में भारत द्वारा समर्थित दो बड़ी रेल परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस मौके पर दोनों नेताओं ने महो–ओमानथाई रेलवे ट्रैक को बेहतर बनाने और महो–अनुराधापुरा खंड के लिए नई सिग्नलिंग प्रणाली शुरू की। यह दोनों परियोजनाएं भारत की मदद से बनाई गई हैं और इनसे श्रीलंका के उत्तरी रेलवे नेटवर्क में कनेक्टिविटी और सुरक्षा में सुधार होने की उम्मीद है।

यह आयोजन अनुराधापुरा रेलवे स्टेशन पर हुआ और यह भारत–श्रीलंका के बीच बढ़ते बुनियादी ढांचे के सहयोग का एक महत्वपूर्ण कदम है। नेताओं का स्वागत करने के लिए स्टेशन पर बड़ी संख्या में उत्साहित स्थानीय लोग जुटे थे। ये रेल परियोजनाएं भारत सरकार के रेल मंत्रालय के तहत काम करने वाली सार्वजनिक कंपनी इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा बनाई गई हैं। इरकॉन के सीएमडी हरि मोहन गुप्ता ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा, आज का दिन बहुत खास है क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति मिलकर 128 किलोमीटर लंबी उन्नत रेलवे परियोजना को देश को समर्पित कर रहे हैं, जो पहले बहुत खराब हालत में थी। उन्होंने यह भी कहा, यह भारत और श्रीलंका दोनों के लिए गर्व का पल है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति दिसानायके ने आशीर्वाद लेने के लिए श्रद्धेय जया श्री महाबोधि मंदिर का दौरा किया। यह मंदिर एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्थल है, जिसमें पवित्र बोधि वृक्ष मौजूद है। माना जाता है कि यह बोधि वृक्ष सम्राट अशोक की बेटी थेरी संघमित्रा द्वारा भारत से लाए गए पौधे से पनपा था।

प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान श्रीलंका ने 14 भारतीय मछुआरों को किया रिहा

नई दिल्ली , श्रीलंका ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के दौरान 14 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया। रिहाई से पहले प्रधानमंत्री मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें मछुआरों की गिरफ्तारी को लेकर विमर्श किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक संयुक्त प्रेस वार्ता में अपनी टिप्पणी के दौरान कहा, हमने मछुआरों के मुद्दों पर चर्चा की। हम इस बात पर सहमत हुए कि हमें इस मामले में मानवीय दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना है। हमने मछुआरों की तत्काल रिहाई और उनकी नावों की वापसी पर जोर दिया। श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा मुख्य रूप से तमिलनाडु के भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी तनाव का एक मुद्दा रहा है। 2025 की शुरुआत से, 119 भारतीय मछुआरों और 16 मछली पकड़ने वाली नावों को कथित तौर पर श्रीलंकाई बलों द्वारा पकड़ा गया है, जिससे तटीय समुदायों में चिंता बढ़ गई है और हस्तक्षेप के लिए बार–बार अपील की गई है। वार्ता के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, हमें बताया गया है कि श्रीलंकाई अधिकारियों ने 11 मछुआरों को तुरंत रिहा करने का फैसला किया है और शायद आने वाले दिनों में कुछ और मछुआरों को रिहा किया जाएगा। मिस्री ने कहा, यह एक ऐसा विषय था जिस पर दोनों पक्षों के बीच काफी विस्तार से चर्चा हुई। जैसा कि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण के दौरान खुद कहा। इन मुद्दों पर सहयोग के लिए मानवीय और रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया क्योंकि ये ऐसे मुद्दे हैं जो अंततः दोनों पक्षों के मछुआरों की आजीविका को प्रभावित करते हैं।

सीएम धामी ने रामनवमी और दुर्गा नवमी के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में सपरिवार पूजा–अर्चना की

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रामनवमी और दुर्गा नवमी के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में सपरिवार पूजा – अर्चना की। उन्होंने नौ दुर्गा की प्रतीक नौ कन्याओं का पूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को रामनवमी की शुभकामना दी और प्रदेश की खुशहाली व प्रदेशवासियों की सुख – समृद्धि की कामना की।

चारधाम मार्ग पर मिलेगा स्वच्छ और शुद्ध भोजन

● खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने हरित चारधाम यात्रा थीम पर शुरू किया अभियान ● सिंगल यूज प्लास्टिक से लेकर तेल, नमक, चीनी का प्रयोग कम करने में सहयोग करेंगे होटल कारोबारी



देहरादून। चारधाम यात्रा मार्ग के होटल– ढाबों में इस बार तीर्थयात्रियों को ना सिर्फ स्वच्छ और शुद्ध भोजन मिलेगा, बल्कि होटल कारोबारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के अनुसार भोजन में तेल, नमक और चीनी का प्रयोग भी कम करने का प्रयास करेंगे।

साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक रोकथाम के लिए भी तीर्थ यात्रियों को प्रोत्साहित करेंगे। इसके लिए खाद्य संरक्षा औषधि प्रशासन विभाग ने यात्रा प्रारंभ होने से पहले ही यात्रा मार्ग के होटल और खाद्य कारोबारियों के साथ व्यापक स्तर संवाद और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस बार सभी विभागों को हरित चारधाम यात्रा की थीम पर, यात्रा संचालित करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में खाद्य संरक्षा औषधि प्रशासन विभाग, यात्रा मार्ग के प्रमुख शहरों में होटल और खाद्य कारोबारियों के साथ प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर रहा है। आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ आर राजेश कुमार ने बताया कि इन कार्यशालाओं में होटल कारोबारियों से अपने भोजन में तेल, नमक और चीनी का उपयोग कम करने की अपील की जा रही है। इससे खासकर मधुमेह और उच्च रक्तचाप की समस्या से पीड़ित यात्रियों को सुविधा रहेगी। साथ ही ईट राइट अभियान के क्रम में होटलों को खाद्य तेल को तीन बार से अधिक इस्तेमाल करने के बजाय इसे बायोफ्यूल बनाने के लिए उपलब्ध कराने के लिए कहा जा रहा है। डॉ आर राजेश कुमार ने बताया कि होटल कारोबारियों को पानी की बोतल, रैपर जैसे सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को भी हतोत्साहित करते हुए, पर्यावरण संरक्षण में सहयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उपायुक्त मुख्यालय गणेश कंडवाल ने बताया कि विभागीय निर्देशों के क्रम में अब तक ऋषिकेश, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग में होटल कारोबारियों के साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न किया जा चुका है। यात्रा शुरु होने से पहले उत्तरकाशी, चंबा और हरिद्वार सहित कुछ और स्थानों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न किया जाएगा। साथ ही मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय खाद्य उत्पादों को भी उपलब्ध कराने को कहा जा रहा है। इस बार हम हरित चारधाम यात्रा का संकल्प लेकर तैयारी कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि ना सिर्फ तीर्थ यात्रियों को शुद्ध भोजन और स्वच्छ वातावरण मिले, बल्कि यात्रा के चलते हमारे पवित्र तीर्थस्थलों पर सिंगल यूज प्लास्टिक की समस्या भी पैदा न हो, हम सिंगल यूज प्लास्टिक का रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल के सिद्धांत पर काम कर रहे हैं। इसमें हमें तीर्थ यात्रियों– खाद्य कारोबारियों से लेकर स्थानीय लोगों तक सभी का सहयोग चाहिए।

– पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड

रामनवमी पर पूर्णागिरि धाम में उमड़े श्रद्धालु

चम्पावत। राम नवमी पर्व पर मां पूर्णागिरि धाम में आस्था का सैलाब उमड़ा। भारी भीड़ के चलते देवी के मुख्य मंदिर में दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं को लंबा इंतजार करना पड़ा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त है। मंदिर समिति के स्वयंसेवक भी व्यवस्था बनाने में हाथ बंटा रहे हैं। पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन तिवारी का कहना है कि नवमी पर्व में 30 हजार से अधिक श्रद्धालु देवी दर्शनों को पहुंचे। राम नवमी को को तड़के से ही श्रद्धालुओं की भारी संख्या में आवाजाही शुरू हो गई। श्रद्धालुओं की हिफाजत, यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने और तीर्थ यात्रियों को जाम से बचाने के लिए कई जगहों पर पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त किया गया है। मुख्य मंदिर के पास श्रद्धालुओं की भारी संख्या से पूर्णागिरि देवी दर्शन में काफी देर तक इंतजार करना पड़ रहा है। सभी पार्किंग स्थल वाहनों से अटे पड़े हैं। लेकिन वहीं भारी भीड़ के बीच पार्किंग शुल्क को लेकर अंधेरगर्दी के भी आरोप लग रहे हैं। पार्किंग शुल्क के रूप में काफी वाहन स्वामियों से मनमाना शुल्क वसूलने के आरोप लग रहे हैं।

अयोध्या : रामनवमी पर उल्लास, इकबाल अंसारी ने श्रद्धालुओं पर बरसाए पुष्प

अयोध्या , रामनवमी के मौके पर अयोध्या में लोग हर्षित और उल्लासित दिखें। दूरदराज से श्रद्धालु राम मंदिर में पहुंचकर रामलला का दर्शन कर उत्साहित दिखाई दिये। चहुंओर हर्षोल्लास का वातावरण है। रामजन्म के बाद कोई बधाई गीत गाये, तो कहीं सोहर गाई जा रही है। इसी बीच बाबरी के पैरोकार रहे इकबाल अंसारी ने आज रामभक्तों पर पुष्प वर्षा की है। इस दौरान इकबाल अंसारी ने कहा कि यह अयोध्या रामलला की जन्मभूमि है। यहां श्रद्धालु दर्शन के लिए आए हुए हैं।

यहां पर गंगा–जमुनी तहजीब है। हमने श्रद्धालुओं पर पुष्प की वर्षा की है। इकबाल अंसारी ने कहा कि रामनवमी की सबको बधाई देता हूं। अयोध्या आने वाले सभी हमारे मेहमान हैं। यहां पर सरयू नदी है। भगवान राम और बजरंगबली का मंदिर है। यहां पर जो श्रद्धालु निकल रहे हैं, वह हर्षित हैं, इसी कारण हम भी पुष्पों की वर्षा कर रहे हैं। इस मौके पर इकबाल अंसारी के साथ रामलला के दर्शन कर रहे श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा के साथ जयकारे भी लगाए गए। ज्ञात हो कि रामनगरी अयोध्या में राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। रामलला का सूर्य तिलक हुआ। भगवान सूर्य की किरणें रामलला के मस्तक का चार मिनट तक अभिषेक करती रहीं।

परीक्षा लेने लगी गर्मी, पहाड़ से मैदान तक तेज धूप

देहरादून। उत्तराखंड में गर्मी परीक्षा लेने लगी है। पहाड़ से मैदान तक चटख धूप खिल रही है। तापमान भी लगातार बढ़ रहा है। दून समेत ज्यादातर क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जो कि सामान्य से करीब पांच डिग्री सेल्सियस अधिक है।

हालांकि, मंगलवार से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को प्रदेशभर में मौसम शुष्क रह सकता है। मंगलवार से पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की वर्षा, मैदानी क्षेत्रों में गरज के साथ बौछार व अंधड़ चलने की आशंका है।

दोपहर में बढ़ गई तपिश

रविवार को दून समेत आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही चटख धूप खिली। दोपहर में तपिश बढ़ गई और तेज धूप ने पसीने छुड़ाए। इसके साथ ही दून का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो कि इस वर्ष अब तक का सर्वाधिक है। ज्यादातर मैदानी क्षेत्रों में दिन का तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक अधिक है। इसके साथ ही कुछ पर्वतीय क्षेत्रों में भी पारा तेजी से बढ़ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, सोमवार को प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। जिससे तापमान में इजाफा हो सकता है। इसके बाद मंगलवार को ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण प्रदेशभर में आंशिक बादल मंडराने की आशंका है। पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की वर्षा हो सकती है। कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

सड़क हादसे में पिता–पुत्र की दर्दनाक मौत

ऋषिकेश। देहरादून से बिजनौर में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकले स्कूटर सवार पिता–पुत्र को रविवार सुबह छिदरवाला में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में सड़क पर गिरते ही दोनों ट्रक की चपेट में आ गए। गंभीर चोटें लगने के चलते पिता–पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एम्स ऋषिकेश भेज दिया। पुलिस के मुताबिक 50 वर्षीय मोहम्मद नईम और उनका 18 वर्षीय बेटा शामिर निवासी चमनपुरी कॉलोनी, माजरा, पटेलनगर, देहरादून रविवार सुबह स्कूटर से निकले थे। हरिद्वार–देहरादून नेशलन हाईवे पर छिदरवाला में उन्हें अज्ञात कार ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी स्कूटर अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। पिता–पुत्र संभल पाते कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें चपेट में ले लिया। दुर्घटना में गंभीर जख्मी मोहम्मद नईम और शामिर ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

वक्फ बोर्डों पर नियंत्रण की मंशा नहीं', जेपी नड्डा ने नए कानून को लेकर फिर स्पष्ट की तस्वीर



'भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी'

नई दिल्ली। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार वक्फ बोर्डों को नियंत्रित नहीं करना चाहती, बल्कि यह सुनिश्चित करना चाहती है कि उनका संचालन कानून के दायरे में हो ताकि उनकी परिसंपत्तियों का इस्तेमाल मुस्लिम समुदाय के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार को बढ़ावा देने में हो। भाजपा के 45वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि तुर्किये और कई अन्य मुस्लिम देशों की सरकारों ने वक्फ की संपत्तियों को अपने नियंत्रण में ले लिया है। हम इनका (वक्फ बोर्डों) संचालन करने वालों से सिर्फ यह कह रहे हैं कि नियमों के अनुसार काम करें। संबोधन से पहले भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी मुख्यालय पर पार्टी का ध्वज फहराया। इस अवसर पर पार्टी के कई नेता उपस्थित थे जिनमें विभिन्न सांसद एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शामिल हैं।

1951 में जनसंघ से शुरू हुई भाजपा की राजनीतिक यात्रा का उल्लेख करते हुए नड्डा ने कहा कि आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है और कई राज्यों की सत्ता में है क्योंकि यह कांग्रेस के विपरीत वोटों के लिए कभी अपनी विचारधारा से नहीं डिगी। भाजपा विचारधारा और जनाधार वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि गुजरात में भाजपा की लगातार छठी बार, गोवा और हरियाणा में तीसरी बार, मध्य प्रदेश में चौथी बार और महाराष्ट्र, उत्तराखंड, मणिपुर, असम, उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा में दूसरी बार सरकार बनी है। 27 वर्षों बाद पार्टी ने दिल्ली में भी सरकार बनाई है। उन्होंने भाजपा की सफलता का श्रेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी जैसे पार्टी के दिग्गज नेताओं को दिया।नड्डा ने कहा, आज लोकसभा में हमारे 240 सदस्य, राज्यसभा में 98 सदस्य और देशभर में 1,600 से ज्यादा विधायक हैं। हमने हाल ही में अपना सदस्यता अभियान खत्म किया है और भाजपा सदस्यों की संख्या 13.5 करोड़ पार कर गई है। देशभर में हमारे 10 लाख से अधिक सक्रिय कार्यकर्ता हैं।

बांग्लादेश में बदला माहौल : हिंदुओं की सुरक्षा में उतरी सेना, मोदी-यूनुस मुलाकात का दिखा असर

ढाका , हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थाईलैंड दौरे पर थे, जहां उन्होंने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की। इस बैठक में पीएम मोदी ने बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू समुदाय की सुरक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। अब इस मुलाकात का सकारात्मक असर सामने आने लगा है। रामनवमी, दुर्गा पूजा और महाअष्टमी जैसे प्रमुख हिंदू पर्वों के अवसर पर बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए। सेना ने पूजा स्थलों, स्नान घाटों और अन्य धार्मिक स्थलों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू की, ताकि किसी भी प्रकार की बाधा के बिना श्रद्धालु धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर सकें।

धार्मिक आयोजनों में सेना की सक्रिय भूमिका

बसंती पूजा, महाअष्टमी और पुण्यस्नान जैसे धार्मिक अवसरों पर देशभर में लाखों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान सेना ने चौबीसों घंटे निगरानी, गश्त और यातायात प्रबंधन की जिम्मेदारी निभाई। विशेष रूप से लांगलाबंध (नारायणगंज) में ब्रह्मपुत्र नदी किनारे हुए महाअष्टमी स्नान में भारत, श्रीलंका और नेपाल से भी श्रद्धालु पहुंचे।

चिलमारी उपजिला, कोमिला, चांदपुर और चटगांव जैसे क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में भक्त एकत्रित हुए। सेना ने हर पूजा मंडप पर सुरक्षा मजबूत की और शांति बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की। साथ ही, पूजा समितियों और पुजारियों से संवाद स्थापित कर विश्वास का वातावरण सुनिश्चित किया।

धार्मिक सौहार्द और एकता का प्रतीक बनी सेना

बांग्लादेश सेना की पेशेवरता, तत्परता और समर्पण ने हिंदू समुदाय के बीच विश्वास और आभार को और भी मजबूत किया है। सेना की भूमिका धार्मिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता की मिसाल बन गई है।

दर्दनाक हादसा : दाह संस्कार के लिए जा रहे लोगों की कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई, 4 लोगों की मौत

बक्सर , बिहार के बक्सर जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र में रविवार को तड़के एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य दो से तीन लोग घायल होने की खबर है। घटना पटना–बक्सर एनएच 922 पर टोल प्लाजा के समीप की है। कार पर सवार सभी लोग एक दाह संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक, रोहतास जिले के विक्रमगंज थाना अंतर्गत शिवपुर हॉल्ट के कुछ लोग एक कार पर सवार होकर एक महिला का दाह संस्कार करने बक्सर मुक्तिधाम जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रेलर ट्रक में पीछे से घुस गई। बताया गया कि तेज रफ्तार कार दलसागर टोल प्लाजा से थोड़ा आगे पडरी मोड़ के पास जैसे ही पहुंची, तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर में जा टकराई। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसकी वजह से बैठे तीन व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार चार अन्य लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं।

बीजेपी नेता की बेटी पर एसिड अटैक, सोते वक्त फेंका तेजाब

बेगूसराय ,बिहार के बेगूसराय जिले में अपराधियों ने एक खौफनाक वारदात को अंजाम देते हुए घर में सो रही एक युवती पर तेजाब फेंक दिया। इस एसिड हमले में युवती बुरी तरह झुलस गई है और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में हडकंप और दहशत का माहौल है। यह सनसनीखेज घटना बखरी नगर परिषद के वार्ड संख्या 23 की बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शनिवार देर रात करीब 2 बजे, जब युवती अपने घर में सो रही थी, तभी अज्ञात अपराधियों ने कथित तौर पर खिड़की से उस पर तेजाब फेंक दिया। चेहरे पर तेज जलन होने पर युवती चीखते हुए नींद से जागी और परिजनों को शक हुआ कि उस पर तेजाब फेंका गया है। परिजनों द्वारा जांच करने पर बिस्तर पर तेजाब के अंश भी मिले। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि पीड़ित युवती, जिनकी उम्र 24 साल बताई जा रही है, स्थानीय भाजपा नेता संजय सिंह राठौड़ की बेटी हैं। यह भी कहा जा रहा है कि संजय सिंह राठौड़ भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष रह चुके हैं।

सम्पादकीय

राहुल के मौन के मायने

मोदी सरकार के एक और बड़े फैसले के तहत वक्फ संशोधन बिल अब कानून बन गया है। इससे पूर्व लोकसभा में बिल के पक्ष में 288 और विरोध में 232 वोट पड़े। अगले दिन बिल को राज्यसभा में पेश किया गया। यहां भी लंबी और सार्थक चर्चा के बाद बिल को पास कर दिया गया। राज्यसभा में बिल के पक्ष में 128 और विरोध में 95 वोट पड़े। संसद से पास होने के बाद वक्फ संशोधन बिल को राष्ट्रपति के पास भेजा गया था। जिसे राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है.कई दशकों से जमीनों पर कब्जे को लेकर वक्त बोर्ड का वर्चस्व अब खत्म हो गया है। एनडीए सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए वक्त बोर्ड संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश किया था जिस पर पक्ष और विपक्ष दोनों अपनी दलीलों से पक्ष रखा लेकिन हैरानी की बात यह रही कि राहुल गांधी ने सदन के अंदर बिल पर एक शब्द भी नहीं कहा। बाहर तो कांग्रेस तो विरोध कर रही है, लेकिन राहुल गांधी चुप हैं। शायद राहुल गांधी भी यह भांप चुके थे कि लोकसभा एवं राज्यसभा में इस कानून को चुनौती देना इंडी गठबंधन के बूते की बात नहीं है। उनकी नजर में कहीं ना कहीं हिंदू वोट भी रहे होंगे जो 2014 के बाद बड़ी संख्या में ध्रुवीकरण की और बढ़े हैं। चर्चा में कांग्रेस की तरफ से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हिस्सा ही नहीं लिया। इसके अलावा प्रियंका गांधी तो सदन तक भी नहीं पहुंची। स्पष्ट है कि जिस प्रकार से अब तक मुस्लिम वोटो को लेकर तुष्टिकरण की राजनीति खेली जा रही थी वह अब परिवर्तित होते हुए हिंदू वोटो की ओर आकर्षित होने लगा है। राहुल गांधी शायद अब तक यह समझ चुके होंगे कि एक वर्ग का समर्थन कर भविष्य में कांग्रेस की नैया को पार नहीं लगा सकते। उधर कहीं ना कहीं उनका यह मौन उनके लिए फायदेमंद भी साबित हो सकता है क्योंकि संख्या बल एवं राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बन चुका है। वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 के तहत अब कई हजार एकड़ जमीन अवैध कब्ज से मुक्त कराई जा सकेगी तो वही इन जमीनों पर हुए भ्रष्टाचार पर जांच की दिशा भी आगे बढ़ सकेगी। नया संशोधित कानून वक्फ संपत्तियों के प्रशासन में महत्वपूर्ण बदलाव लाता है। इसके सबसे महत्वपूर्ण प्रावधानों में किसी भी सरकारी संपत्ति को चाहे वह विधेयक के अधिनियमन से पहले या बाद में वक्फ भूमि के रूप में पहचानी या घोषित की गई हो – वक्फ संपत्ति मानने से रोकता है। विधेयक का उद्देश्य मौजूदा वक्फ प्रणाली में सुधार करना है। वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना है। एकीकृत सुधारों को पेश करके, यह स्थानीय वक्फ बोर्डों को सशक्त बनाने, परिचालन दक्षता में सुधार करने और सामुदायिक विकास के लिए वक्फ संपत्तियों के बेहतर उपयोग को सुनिश्चित करने का प्रयास करता है। यदि कोई विवाद होता है कि कोई संपत्ति सरकारी भूमि है या वक्फ संपत्ति, तो मामले को जिला कलेक्टर को भेजा जाना चाहिए, जो एक जांच करेंगे और राज्य सरकार को एक रिपोर्ट सौंपेंगे। जब तक रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की जाती, तब तक प्रश्नगत संपत्ति को वक्फ भूमि के रूप में नहीं माना जाएगा। यदि कलेक्टर यह निर्धारित करते हैं कि संपत्ति सरकार की है, तो राजस्व रिकॉर्ड में आवश्यक सुधार किए जाएंगे। कलेक्टर की रिपोर्ट प्राप्त होने पर, राज्य सरकार वक्फ बोर्ड को अपने रिकॉर्ड को तदनुसार ठीक करने का निर्देश देगी। बोर्ड के नाम पर जमीनों पर अवैध कब्जे करने का जो कम चला आ रहा था वह अब समाप्त हो सकेगा तो वहीं राजनेताओं का वह चरित्र भी उजागर होगा जिसमें वह एक खास वर्ग के लोगों को वोट बैंक की खातिर खुश करने के लिए अनैतिक कार्यों का समर्थन कर रहे थे। वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक परी होने के बाद देश की राजनीति में भी अब एक नया परिवर्तन देखने को मिलेगा, जहां भाजपा अपना हिंदू वोट और मजबूत करेगी तो वहीं वोट बैंक की राजनीति करने वाले कुछ खास नेताओं को भी जनता सबक सिखाएगी। राहुल गांधी की इस मुद्दे पर चुप्पी यह विद्वदर्शती है कि कांग्रेस भविष्य में अपने इस मौन का लाभ उठाने का भी प्रयास करेगी।

उत्तराखण्ड की धर्म-संस्कृति का धरोहर-रम्माण मेला

(डॉ. अनिल चन्दोला,
से.नि. अपर निदेशक, सूचना)

धर्म, संस्कृति और पहाड़ी जीवन शैली का संगम रम्माण मेले का आयोजन प्रतिवर्ष अप्रैल माह में चमोली जिले के अन्तर्गत जोशीमठ तहसील के सलूड़–डुग्रा गांव में होता है। संयुक्त राष्ट्र संघ के संगठन यूनेस्कों द्वारा वर्ष 2009 में रम्माण को विश्व सांस्कृतिक धरोहर का दर्जा दिया गया।

रम्माण में मुखौटा नृत्य शैली का प्रयोग होता है, इसमें 12 जोड़ी ढोल और दमाऊं की धाप पर 18 तालों के साथ लोक शैली में भगवान राम की लीलाओं का आयोजन किया जाता है। रम्माण पौराणिक देव यात्रा, लोक नाटक को लोक शैली में प्रसतुत किया जाता है। ढोल–दमाऊं की धाप पर इसमें मोर–मोरनी नृत्य, बणियान, युद्ध शैली के नृत्य भी दर्शकों को रोमांचित कर देते है।

भूम्यांल देवता के आंगन में रम्याण मेले का मंथन देखने दूर–दूर के लोग और संस्कृति प्रेम. ीजन आते है। इस मंथन में देवी–देवताओं क्षेत्रपाल देवता की आराधना के साथ ही जागर और ढोल दमाऊं की धाप पर मुखौटा शैली में राम–सीता लक्ष्मण की नृत्य नाटिकाएं होती है। रम्माण उत्तराखण्ड में रामायण परम्परा को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण कार्य करता है। रम्माण का आयोजन पूरे जोशीमठ क्षेत्र में अपना प्रभाव रखता है, लेकिन सलूड़–डुंग्रा और बरोसी–सिलंग मे इस आयोजन की भव्यता नजर आती है। रम्माण नृत्य में कई प्रतीकों का भी उपयोग किया जाता है। सलूड़–डुंग्रा गांव में रामभक्त संतों का प्रभाव प्रा. चीन समय से होना बताया गया है। इसलिए यहां विशेष रूप से रम्माण का आयोजन होता है, इसमें मल्ल युद्ध जो दिखाया जाता है, उसमें तलवार और ढालों का प्रयोग किया जाता है।

भारत–चीन युद्ध से पूर्व इस क्षेत्र की माणा–नीति घाटी के लोगों द्वारा तिब्बत से व्यापार के प्रतीक के रूप में बंणिया–बंणियान नृत्य नाटिका भी दिखाया जाता है। पांडव नृत्य का प्रदर्शन भी मुखौटा नृत्य के माध्यम से किया जाता

है। इन मुखौटों की पहले पूजा की जाती है और इनका बड़ा सम्मान किया जाता है। 18 मुखौटे होते है, जो भोज पत्र की लकड़ी से बनते है। मातृशक्ति के सम्मानार्थ मां दुर्गा पूजा के साथ पहले गणेश जी की भी पूजा की जाती है। गांवों से पात्रों को आमंत्रित करने की स्वतंत्रता रहती है, जो समन में अलग–अलग पात्र बनकर अपना नृत्य दिखाते है। रम्माण में प्राचीन संस्कृति और धर्म का अदभुत संगम देखने कासे मिलता है, जिसमें ढोल सागर के गूढ़ रहस्यों से भी दर्श को रोमांचित होते है, ढोल और दमाऊं को बजाने के लिए भी कुशल दक्ष कलाकारों को आमंत्रित किया जाता है।

साहसिक कुरीतियों पर इन नृत्य नाटिकाओं के माध्यम से चोट की जाती है। समाज में इन बुरी प्रथाओं को हटाने के लिए भी इनके माध्यम से संदेश दिया जाता है। भूम्यांल देवता पूरे क्षेत्र का रक्षक है, मुखौटो में नरसिंह देव का मुखौटा सबसे भारी होता है। रामकथाओं में सर्वाधिक प्राचीनतम मुखौटा नृत्य की परम्परा को रम्माण ने कई वर्षों से इस क्षेत्र में जीवंत किया हुआ है। इसमें देवी–देवताओं के नृत्य उनका मुखौटा लगाकार उन पर अवतरित होने वाले मनुष्य (पशुवा) करते है। मुखौटो को इस नृत्य श्रृंखला के पश्चात रामकथा के नृत्यों का मंचन किया जाता है। सलूड़–डुंग्रा में सभी लोग पूरे उत्साह के साथ इस रम्माण को देखते देवरे में भाग लेते है।

रामायण को स्थानीय गढ़वाली बोली में रम्माण कहा जाता है। रम्माण का आयोजन सलूड़ गांव की पंचायत करती है, जो वर्षों से इस आयोजन को कर रही है। रम्माण विविध कार्यक्रमों, पूजा और अनुष्ठानों को एक श्रृंखला के रूप में सामूहिक पूजा, देव यात्रा, लोक नृत्य, लोक नाटय, गायन मेला आदि का आयोजन होता है। वैशाख महीने में 11 से 13 दिन तक मनाए जाने वाले इस रम्माण में भूम्यांल देवता के वार्षिक पूजा का अवसर भी देता है। परिवारों एवं ग्राम क्षेत्र के देवताओं से भेंट का अवसर भी रम्माण देता है। उत्तराखण्ड की समृद्ध गौरवशाली परम्परा का प्रतीक है, रम्माण।

देश को पुलिस सुधारों की सख्त जरूरत

अनामिका सिंह

देशभर में घटित हाल की घटनाएं स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं कि हमें पुलिस सुधारों की सख्त जरूरत है। हाल ही में कर्नाटक, उड़ीसा और बिहार में अनेक बार वहां की पुलिस पर हमले हुए हैं। जबकि मध्य प्रदेश में भी मार्च महीने में ही छह बार पुलिस पर हमले की घटनाएं हुई हैं। पहली घटना मऊांज की है जहां अपराधी को पकडने गए सहायक पुलिस उप निरीक्षक (एएसआई) रामचरण की मौत हो गई। इसके बाद इंदौर के परदेशीपुरा में होली के बाद गुब्बारे फेंकने के विवाद में वकील और राहगीरों के बीच विवाद हो गया। इस विवाद की तफ्तीश करने गए थाना प्रभारी जितेंद्र यादव को उस वकील ने और उसके साथियों ने दौड़ा–दौड़ा कर मारने की कोशिश की। इसी तरह शहडोल में महिला कांस्टेबल सहित तीन पुलिस कर्मियों पर अपराधियों की एक गैंग ने हमला कर दिया। सीहोर के इछावर में सब इंस्पेक्टर धुर्वे और दो आरक्षकों पर भी हमला हुआ। इसी तरह की घटना दमोह के हिंडोरिया में दोहराई गई,जहां थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर पर एक कुख्यात बदमाश ने फायरिंग कर दी। सागर के सुरखी में प्रधान आरक्षक पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया। ग्वालियर और चंबल अंचल में रेत माफिया और महाकौशल से लेकर निमाड़ के बुरहानपुर नेपानगर क्षेत्र में जंगल माफिया अनेक बार पुलिस पर हमला कर चुका है। इसके विपरीत ऐसी घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं जहां पुलिसकर्मी खुद अपराधों में शामिल हैं। जाहिर है सभी घटनाओं का न्यायिक और प्रशासनिक दृष्टि से विश्लेषण तो करना ही होगा। साथ ही यह भी देखना होगा कि कहीं काम की अधिकता का तनाव और अवसाद पुलिस की कार्य क्षमता को प्रभावित तो नहीं कर रहा है ? इसके अलावा पुलिस के लिए एक ऐसा मेकैनिज्म और सिस्टम तैयार करना भी एक चुनौती है जिसमें उनका कामकाज नेताओं के दखल से बचा रहे। दरअसल राजनीतिक दबाव भी पुलिस तंत्र की कार्य क्षमता को प्रभावित करता है। जब राजनीतिक दबाव की बात होती है तो इसका मतलब संबंधित राज्य के सत्तारूढ़ दल के नेताओं से होता है। वस्तुतः राजनीतिक दबाव ही वह चुनौती है, जिसकी वजह से पुलिस को कार्यक्षम बनाने के लिए उठाए गए सारे कदम धरे के धरे रह जाते हैं।जाहिर है देश में पुलिस सुधार सुधारों की बेहद जरूरत है।यह सुधार समग्र रूप से होने चाहिए। यानी जहां एक तरफ पुलिस को जनता के प्रति जवाबदेह और अपराध के प्रति कठोर बनाने की जरूरत है तो दूसरी तरफ पुलिस बल की संख्या में वृद्धि करके, उन्हें अत्याधुनिक संसाधनों से लैस और प्रशिक्षित करना तथा वेतन और सुविधाएं बढ़ाना भी उतना ही जरूरी है। इसके अलावा मध्य प्रदेश में आधे अधूरे ढंग से लागू पुलिस कमिश्नर प्रणाली की भी गंभीर समीक्षा जरूरी है। फिलहाल मध्य प्रदेश में इंदौर और भोपाल में कमिश्नर प्रणाली लागू की गई है, लेकिन इस सिस्टम के अनुकूल परिणाम प्राप्त नहीं हुए हैं, जबकि देश के मुंबई,दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई जैसे महानगरों में पुलिस कमिश्नर सिस्टम अपेक्षाकृत प्रभावी ढंग से काम कर रहा है। मध्यप्रदेश की कमिश्नर प्रणाली में पुलिस कमिश्नर को पूरे अधिकार नहीं दिए गए हैं। इस वजह से यह प्रणाली अपेक्षित सफलता प्राप्त नहीं कर पा रही है। कमलनाथ सरकार ने पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश देने का ऐलान किया था, लेकिन यह आदेश क्रियान्वित नहीं हो पाया, क्योंकि प्रदेश में पुलिस कर्मियों की संख्या राष्ट्रीय औसत की तुलना में कम है। जाहिर है पुलिस की समस्याओं पर भी गंभीरता से विचार कर उनका हल निकालना होगा। दरअसल यह कठोर हकीकत है कि सुशासन की अवधारणा बिना पुलिस सुधारों के फलीभूत नहीं हो सकती। इसलिए पुलिस सुधार समय की आवश्यकता है।

क्लाइमेट चेंज की भयावह समस्या, मानव जीवन का अस्तित्व को खतरा

गिरीश पांडे

हाल में नई दिल्ली में पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 का आयोजन किया गया। दो दिन के इस सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने किया।गौरतलब है कि एनजीटी की स्थापना राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 के तहत की गई है। यह विशेष न्यायिक निकाय है जिसका मुख्यालय दिल्ली में है। एनजीटी के अध्यक्ष सवीच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश होते हैं। अन्य न्यायिक सदस्य उच्च न्यायालयों के सेवानिवृत्त न्यायाधीश होते हैं। एनजीटी का कार्य पर्यावरण से जुड़े विवादों को प्रभावी तरीके से शीघ्र निपटाना है। इसलिए इस सम्मेलन की महत्ता स्वयंसिद्ध है।सम्मेलन में चार प्रमुख तकनीकी सत्र आयोजित किए गए जिनमें जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण नियंत्रण, जैव–विविधता संरक्षण तथा सतत विकास सहित पर्यावरण के समक्ष चुनौतियों के समाधान पर विचार–विमर्श किया गया। सम्मेलन में भावी पीढियों को स्वाच्छ पर्यावरण उपलब्ध कराने का नैतिक दायित्व माना गया। चूंकि सभी के सामूहिक प्रयासों से ही पर्यावरण का संरक्षण–संवर्धन संभव है, इसलिए नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया गया। क्लाइमेट चेंज की भयावह समस्या किसी एक राष्ट्र तक सीमित नहीं है, इसलिए सम्मेलन में वैश्विक पर्यावरण की चुनौतियों से निपटने के लिए सीमा पार सहयोग और नवाचारी नीतियों की आवश्यकता को भी रेखांकित किया गया ताकि एक साथ पारिस्थितिक संसाधनों के संरक्षण और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाया जा सके।जहां तक भारत का संबंध है तो केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अनुसार भारत कम कार्बन वाली प्रौद्योगिकी में नवाचार को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। मंत्रालय का मानना है कि विकासशील देशों के लिए त्वरित पर्यावरणीय आर्थिक विकास ही जलवायु परिवर्तन से ठोस बचाव है। भारत न केवल कार्बन फुटप्रिंट कम करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, बल्कि हरित ऊर्जा क्षेत्र के माध्यम से लाखों नौकरियों का सृजन भी कर रहा है। सम्मेलन को हम क्लाइमेट चेंज की समस्या से निपटने में सहयोग को बढ़ावा देने, जागरूकता लाने तथा पर्यावरण संरक्षण के सामूहिक मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम कह सकते हैं।

हम देख रहे हैं कि जैसे–जैसे वैश्विक तापमान बढ़ रहा है, वैसे–वैसे न केवल ग्लेशियर पिघल रहे हैं, बल्कि जंगल की आग भी बड़े पैमाने पर तबाही मचा रही है। ग्लेशियरों के पिघलने से न केवल पर्यावरण, बल्कि मानव जीवन और अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

क्या प्रकृति के विनाश का परिणाम है भूकंप ?

विनोद कुमार

म्यांमार और थाईलैंड में हाल में आए भूकंप ने भारी तबाही मचाई है और जान–माल का बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है.ऐसे में पर्यावरणविद यह सवाल उठा रहे हैं कि प्रकृति के लगातार हो रहे विनाश का परिणाम भूकंप के प्रकोप के रूप में देखना पड़ रहा है. खासतौर पर हिमालय के प्लेटों पर विकास के नाम पर जिस तरह से निर्माण कार्य हो रहे हैं, उसके दुष्परिणाम दिखने लगे हैं. पहाड़ों को विकास के नाम पर काटने का काम सिर्फ भारत में नहीं हो रहा है, बल्कि चीन, नेपाल और म्यांमार में भी किया जा रहा है. इस वजह से हिमालय का पूरा क्षेत्र भूकंप की दृष्टि से रेड जोन में आ गया है. दरअसल, भूकंप तब आते हैं जब पृथ्वी की पपड़ी (क्रस्ट) में तनाव बढ़ता है. पपड़ी बड़ी प्लेटों से बनी होती है जो धीरे–धीरे हिलती है और ये हलचल भूकंप का कारण बनती है. जब भूकंप आबादी वाले इलाके में आता है, तो इससे काफी नुकसान हो सकता है. बहरहाल, भारत का लगभग 59 %फीसदी हिस्सा भूकंप के प्रति संवेदनशील है इसलिए इस मुद्दे पर हमें ध्यान देना बेहद जरूरी है. भारतीय मानक ब्यूरो ने भूकंप के जोखिम के आधार पर देश को 4 भूकंपीय क्षेत्रों में वर्गीकृत किया है.पर्यावरण विशेषज्ञों की आपत्ति है कि पर्यटन बढ़ाने के नाम पर जिस तरह से जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कांक्रीट के जंगल और सडकें बनाई जा रही हैं, वो सब एक बड़े विनाश का कारण बनेंगी. इसके अलावा पहाड़ी नदियों पर बना रहे बांध भी खतरनाक संकेत दे रहे हैं. बहरहाल,विकास और पर्यावरण सरोकारों के बीच एक संतुलन बिंदु होना चाहिए. इस संबंध में राष्ट्रीय स्तर पर हिमालय पर्वतमाला प्राधिकरण का गठन होना चाहिए, जिसमें पर्यावरण विशेषज्ञ शामिल किए जाएं, ताकि यह प्राधिकरण पर्यावरण संरक्षण की चिंताओं का ध्यान रखे. इस प्राधिकरण में वो सभी राज्य शामिल होना चाहिए जो हिमालय की तराई में आते हैं.

अजय देवगन की रेड 2 का टीजर जारी

काफी समय से दर्शक अजय देवगन की फिल्म रेड 2 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है। उनकी यह फिल्म 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इस फिल्म में अजय की जोड़ी पहली बार वाणी कपूर के साथ बनी है, वहीं रितेश देशमुख भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं। अब निर्माताओं ने रेड 2 का टीजर जारी कर दिया है, जिसकी कहानी आयकर विभाग की छापेमारी पर आधारित है।यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसमें पहली बार वाणी, रितेश और अजय की तिकड़ी नजर आएगी। फिल्म के निर्देशक राज कुमार गुप्ता हैं।अजय ने टीजर साझा करते हुए लिखा, 74वीं छापेमारी, 4200 करोड़। इस बार बाजी होगी सबसे बड़ी।रेड 2 2018 में आई फिल्म रेड का सीक्वल है। इसमें 1980 के दशक में सरदार इंदर सिंह के घर पर पड़े आईटी विभाग की छापेमारी की सच्ची कहानी दिखाई गई थी। पहली किस्त की तरह ही, यह सीक्वल बड़े पैमाने पर आयकर संचालन से जुड़ी सच्ची घटनाओं से प्रेरित है, जहाँ अधिकारी हाई–प्रोफाइल वित्तीय धोखाधड़ी पर नकेल कसने के लिए खुफिया इकाइयों के साथ मिलकर काम करते हैं। सीक्वल का खुलासा अप्रैल 2020 में हुआ था, और अजय देवगन ने अपने किरदार की कहानी को जारी रखते हुए अमय पटनायक के रूप में अपनी भूमिका को फिर से निभाया। वाणी कपूर ने पहली फिल्म से इलियाना डिक्रूज की जगह मुख्य भूमिका निभाई।

काला जादू और खौफ से भरा छोरी 2 का भूतिया ट्रेलर रिलीज

नुसरत भरूचा और सोहा अली खान स्टारर हॉरर सुपरनैचुरल ड्रामा फिल्म छोरी 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है. छोरी 2 का भूतिया ट्रेलर रोंगटे खड़े कर देने वाला है. छोरी 2 का निर्देशन विशाल फुरिया ने किया है. नुसरत के किरदार का नाम साक्षी है और सोहा अली खान डरावने किरदार में दर्शकों का पसीना छुड़ाएंगी. एबंडेशिया एंटरटेनमेंट बैनर तले फिल्म 11 अप्रैल को अमेजन प्राइम वीडियो पर देखने को मिलेगी. छोरी 2 का ट्रेलर दर्शकों को डरावनी दुनिया की सैर करा रहा है. ट्रेलर का एक पंच डायलॉग राजा ने छोरा चाहिए था ने समाज के कड़वे सच को सामने लाकर रख दिया है. छोरी 2 एक अंधविश्वास और काला जादू–टोना पर बेस्ड है. इसकी कहानी में एक मां अपने बच्चे को बचाने के लिए जद्दोजहद करती नजर आएंगी. ट्रेलर के कुछ सीन दर्शकों के रोंगटे खड़े करने वाले हैं. ट्रेलर में गश्मीर महाजनी, सौरभ गोयल और पल्लवी अजय जैसे एक्टर्स भी नजर आ रहे हैंजो कहानी को और भी थ्रिलर बनाने वाले हैं.

हितेश को स्वर्ण, भारत ने 6 पदकों के साथ समाप्त किया अभियान

फोज डू इगुआकु (ब्राजील), भारतीय मुक्केबाजी दल ने विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित एलीट स्तर की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने पहले प्रदर्शन में प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसमें फोज डू इगुआकु में विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते। हितेश विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए। उनके प्रतिद्वंद्वी, इंग्लैंड के ओडेल कामारा घायल हो गए और 70 किग्रा के फाइनल में रिंग में नही उतर सके। 65 किग्रा वर्ग में फाइनल में पहुंचने वाले अन्य भारतीय मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने स्थानीय पसंदीदा यूरी रीस के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन अनुकूल फैसला पाने के लिए पर्याप्त प्रदर्शन नही कर सके और रजत पदक जीता। चार भारतीय खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीते, जिनमें जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (50 किग्रा), मनीष राठौर (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा) और विशाल (90 किग्रा) शामिल हैं। विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बनने के बाद हितेश ने टूर्नामेंट से पहले ब्राजील में 10 दिवसीय तैयारी शिविर का श्रेय दिया,

मुंबई इंडियंस फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी, बूम–बूम बुमराह टीम से जुड़े

मुंबई,आईपीएल 2025 में अपनी टीम के खराब प्रदर्शन के निराश मुंबई इंडियंस फैंस के लिए रविवार को एक बड़ी खुशखबरी आई है. एमआई कैंप में जसप्रीत बुमराह की बहुप्रतीक्षित वापसी आखिरकार पूरी हो गई है. फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया के जरिए यह बड़ी खबर शेयर की है जो उनकी टीम और फैंस का मनोबल बढ़ाएगी. मुंबई इंडियंस के दाएं हाथ के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 7 अप्रैल को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में चिर–प्रतिद्वंद्वी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले मैच से पहले टीम में शामिल हो गए हैं. मुंबई इंडियंस ने अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट से बुमराह का एक स्पेशन वीडियो शेयर करते हुए उनकी टीम में वापसी की घोषणा की. वीडियो को रेडी टू रोअर कैप्शन के साथ पोस्ट किया गया. जिसमें बुमराह को शेर के रूप में दर्शाया गया है और कहा है कि शेर जंगल में दहाडने के लिए पूरी तरह से तैयार है.

बता दें कि, जसप्रीत बुमराह को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट में पीठ में समस्या हुई थी. वह जनवरी की शुरुआत से ही मैदान से बाहर हैं. रिहैब के लिए बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में थोड़े समय के लिए रहने के बाद अब बुमराह मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं.

अंजलि आनंद ने रणवीर सिंह के साथ अपने अनोखे संबंध के बारे में बात की

अभिनेत्री अंजलि आनंद ने रणवीर सिंह के साथ अपने गहरे संबंध के बारे में बात की है और बताया है कि कैसे वे व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों स्तरों पर एक–दूसरे से जुड़े हुए हैं। वह उनकी समानताओं पर चर्चा करती हैं, उनके ऊर्जावान व्यक्तित्व से लेकर उनके काम के प्रति उनके साझा जुनून तक, और कैसे उनकी बातचीत ने एक सार्थक संबंध बनाया है। डब्बा कार्टेल की अभिनेत्री ने न केवल एक अभिनेता के रूप में उनके शानदार काम के लिए बल्कि उनके उदार स्वभाव के लिए भी सिंह की प्रशंसा की। अंजलि ने बताया, रणवीर के साथ काम करना बेहद मजेदार है। वह ऊर्जा से भरपूर है और हम कई स्तरों पर एक–दूसरे से जुड़ते हैं। हम दोनों ही फिल्मों के बहुत बड़े प्रशंसक हैं, इसलिए हमारा साझा जुनून साथ काम करने को बहुत मजेदार बनाता है।

संजू सैमसन ने रचा इतिहास, राजस्थान रॉयल्स के लिए हासिल की बड़ी उपलब्धि

मुल्लानपुर,राजस्थान रॉयल्स ने महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लानपुर में इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 18वें मैच में पंजाब किंग्स को 50 रनों से हरा दिया. फ्रैंचाइजी के लिए पहले 3 मैचों में केवल बल्लेबाज के रूप में खेलने के बाद संजू सैमसन ने इस मैच से इस सीजन में फिर से कप्तानी शुरू की और रियान पराग स्टैंड–इन कप्तान थे. अपने पहले ही मैच में, सैमसन ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया, वे इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स के लिए सबसे ज़्यादा जीत हासिल करने वाले कप्तान बन गए. सैमसन पहले 3 मैचों में बल्लेबाज और इम्पैक्ट सब्सटीट्यूट के रूप में खेल रहे थे, लेकिन बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से विकेटकीपिंग की मंजूरी मिलने के बाद उन्होंने पीबीकेएस के खिलाफ कप्तानी संभाली और विकेटकीपिंग भी की. 2021 से टीम की अगुआई करने के बाद से सैमसन की यह 32वीं जीत थी. उन्होंने अपनी कप्तानी में 32 मैच जीते हैं, 29 हारे हैं और एक मैच बेनतीजा रहा है. उन्होंने 2022 में आरआर को फाइनल में पहुंचाया, जहां वे गुजरात टाइटन्स से खिताबी मुकाबला हार गए. उनकी कप्तानी में 2024 के आईपीएल संस्करण में राजस्थान की टीम प्लेऑफ में पहुंची. पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर राजस्थान रॉयल्स को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. आरआर के लिए यशस्वी जायसवाल ने 67 रनों की तूफानी पारी खेली, जबकि रियान पराग ने नाबाद 43 रन बनाए. लॉकी फर्ग्यूसन ने पीबीकेएस के लिए दो विकेट चटकाए और राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कोरबोर्ड पर (205/4) का स्कोर बनाया. 206 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स की टीम हमेशा लक्ष्य से दूर रही क्योंकि नेहल वढेरा टीम के लिए महत्वपूर्ण पारी खेलने वाले एकमात्र बल्लेबाज थे.

एक नजर

रामनवमी पर 51 कन्याओं का किया सामूहिक पूजन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः रामनवमी पर सिम्मलचौड़ में 51 कन्याओं का सामूहिक पूजन किया गया। इस दौरान मां दुर्गा से सुख–शांति की भी कामना की गई।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में पार्षद मनोज शाह, धर्मजागरण प्रांत प्रमुख ऋतुराज व जिला प्रचारक कमल ने कन्या पूजन किया। कन्याओं को प्रसाद देकर उन्हें विभिन्न उपहार भी भेंट किए गए। पार्षद मनोज शाह ने कहा कि रामनवमी पर कन्याओं को देवी के रूप में पूजा जाता है, कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम नारी सशक्तीकरण को प्रोत्साहित करते है। प्रांत प्रमुख ऋतु राज ने कहा कि हमें सामूहिक रूप से त्यौहारों को मनाने की परंपरा को जीवित रखना चाहिए। जिससे हम अपनी संस्कृति को भावी पीढ़ी तक पहुंचा सके। जिला प्रचारक कमल ने कहा कि सामूहिक धार्मिक कार्यो में बच्चों की भागीदारी भी होनी चाहिए। इस मौके पर अमरीश राणा, लोक पाल सिंह रावत, रवींद्र नेगी, सचिन नेगी, राकेश रावत, अंकित, मनीष बड़थ्वाल, विजय रौथाण, लक्ष्मी नेगी, सुधा देवी, माया देवी मौजूद रहे।

मालन पुल निर्माण में कछुआ चाल, रोका अधिकारी का वेतन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः कोटद्वार में निर्माणाधीन मालन पुल की धीमी गति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई है। डीएम ने पुल के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक करते हुए धीमी प्रगति पर उन्होंने लोनिवि दुगड्डा के अधिशासी अभियंता के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। डीएम ने संबंधित विभाग को निर्माण कार्य में तेजी लाने और जल्द पुल का निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि निर्माण कार्य की हर प्रगति की जानकारी फोटोग्राफ सहित नियमित रूप से प्रस्तुत करें। डीएम ने स्थानीय जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मालन पुल का कार्य शीघ्र पूर्ण होना अत्यावश्यक है, जिससे लोगों को नदी पार करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में अपर जिलाधिकारी अनिल सिंह गर्ब्याल, अधिशासी अभियंता निर्भय सिंह आदि शामिल थे।

राजेंद्र व अनुभव की जोड़ी ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः विश्व खेल दिवस पर खेल विभाग द्वारा कंडोलिया इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान युगल ओपन वर्ग की प्रतियोगिता में राजेंद्र व अनुभव की जोड़ी ने बाजी मारी। रविवार को आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेट ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह हमें अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धा की भावना भी सिखाते हैं। इस दौरान प्रतियोगिता के युगल दोनों वर्गों में मुकाबले हुए। जिसमें युगल ओपन वर्ग में राजेंद्र बंगारी व अनुभव की जोड़ी ने पहला, अजयपाल व संदीप डुकलान की जोड़ी ने दूसरा स्थान हासिल किया। जबकि अंडर–17 आयु वर्ग की युगल बैडमिंटन प्रतियोगिता में सुमित व रणदीप की जोड़ी ने प्रथम व जीत मंडल व अंशु सिंह की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

पर्यटन गांव सारी में राम का हुआ राज्याभिषेक

रुद्रप्रयाग। तुंगनाथ घाटी में देवरियाताल के बेस कैंप व पर्यटन गांव सारी में ओमकार दूधाधारी शिव नारायण मंदिर परिसर में महिला रामलीला मंचन का राजतिलक के साथ समापन हो गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में दर्शकों ने राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान से आशीर्वाद लिया। रामलीला मंचन के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि डा. जैक्सबीन नेशनल स्कूल गुप्तकाशी के प्रबंधक व रंगकर्मी लखपत सिंह राणा, मोहन भट्ट व विशिष्ट अतिथि पत्रकार अजय आनंद नेगी, लक्ष्मण नेगी, सुनील नौटियाल, हीरा सिंह कंडारी ने विधिवत उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि लखपत सिंह राणा ने कहा कि हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर जीवन को धन्य बनाना है, तभी हमारा रामलीला करने का उद्देश्य सफल होगा। उन्होंने कहा कि इस रामलीला में सभी पात्रों का अभिनय महिलाएं कर रही हैं, जो हम सभी के लिए गौरान्वित व प्रेरणा की बात है। लोक संस्कृति के संरक्षण का कार्य कर रही तुंगनाथ घाटी की लोकप्रिय जागर व मंगल गीत गायिका रामेश्वरी भट्ट एवं उनके पति मोहन भट्ट की पहल पर व ग्राम वासियों के सहयोग से श्री केदार बद्री मानव श्रम समिति की महिलाओं द्वारा 11 दिवसीय दिव्य और भव्य रामलीला का आयोजन किया गया।

बदहाल पड़ी सड़क, गड्ढे तोड़ रहे कमर

माल गौदाम रोड तिराहे से सनेह को जाने वाली सड़क पड़ी है बदहाल

कोटद्वार में गाड़ीघाट से काशीरामपुर तिराहे को जोड़ने वाला बदहाल पड़ा संपर्क मार्ग

जयन्त प्रतिनिधि। **कोटद्वारः** मालगौदाम रोड तिराहे से सनेह क्षेत्र को जाने वाली सड़क पिछले कई माह से बदहाल पड़ी हुई है। आए दिन गड्ढों की चपेट में आने से दोपहिया वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम से सड़क मरम्मत करवाने की मांग की है। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत गाड़ीघाट तिराहे से लकड़ीपड़ाव, काशीरामपुर तल्ला, विशनपुर, जीतपुर, नाथूपुर, लालपानी व सनेह को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग बदहाल पड़ा हुआ है। सात किलोमीटर लंबे इस मार्ग के शुरूआती करीब दो किलोमीटर हिस्से में सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त है। जगह–जगह सड़क के टूटने से गड्ढे बने हुए हैं, जिससे आमजन की कमर टूट रही है। हालात यह है कि गड्ढों में आमजन को डामर खोजना पड़ रहा है। बदहाल सड़क के कारण पैदल चलने वालों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दोपहिया वाहनों से पत्थर छिटक कर कई बार राहगीरों से टकरा जाते हैं। बदहाल सड़क पर वाहन अनियंत्रित होने से दोपहिया वाहन चालक घायल हो रहे हैं। कुछ दिन पूर्व सनेह निवासी स्कूटी सवार एक युवक मालगोदाम रोड तिराहे के समीप स्कूटी अनियंत्रित होने से चोटिल हो गया। हालांकि, युवक के पैर व हाथ पर हल्की खरोंच आई। लेकिन, मार्ग पर हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। मार्ग पर पर्याप्त लाइट नहीं होने के कारण रात के समय गड्ढे नजर नहीं आते।

दो जोड़ों ने गृहस्थ जीवन में किया प्रवेश

कोटद्वार बालाजी मंदिर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वर वधू को गृहस्थी का सामान भेंट करती विधानसभा अध्यक्ष।

जयन्त प्रतिनिधि। **कोटद्वारः** रामनवमी पर श्री बाला जी मंदिर समिति की ओर से दो जोड़ों का विवाह करवाया गया। इस दौरान समिति ने बेटियों को परिवार से संबंधित सामान भी वितरित किया।

रविवार को बालाजी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने वर–वधु शुभकामनाएं दी।

उन्होंने बालाजी मंदिर समिति के सामाजिक कार्यो की सराहना की है, कहा कि मंदिर समिति की ओर से अभी तक 48 गरीब बेटियों का विवाह संपन्न करवाया जा चुका है। कहा कि इस प्रकार की पहल समाज में सकारात्मक संदेश देती है।कहा कि समाज में यदि हम इस तरह के कार्य किए जाते रहे तो कई गरीब परिवार की बेटियों को एक नया जीवन शुरू करने की प्रेरणा मिलती है। मंदिर समिति की तरफ से दोनो कन्याओं को गृहस्थी का सामान देकर बेटियों की तरह से विदा किया। इस मौके पर संस्थापक दिनेश अलावादी, मंदिर समिति के अध्यक्ष पवन जैन, सचिव कुंज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजीव गुप्ता मौजूद रहे।

वार्षिकोत्सव में दिखी सांस्कृतिक धूम

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज बगवाड़ी के वार्षिकोत्सव में छात्र–छात्राओं ने सांस्कृति कार्यकमों की शानदार प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में स्कूल के वार्षिक गृह परीक्षाफल घोषित करते हुए अव्वल प्रतिभाएं पुरस्कृत की गई। स्कूल परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष वीरा देवी ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों को सुशिक्षित बनाने के साथ-साथ संस्कारवान भी बनाते हैं। जो उनके व्यक्तित्व विकास में बहुत अहम होता है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित शिक्षकों व अभिभावकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने गढ़वाली, कुमाऊंनी व जौनसारी लोकगीत, लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही बटोरी। इस दौरान विद्यालय के अभिभावक शिक्षक संघ अध्यक्ष पंकज रावत ने कहा कि विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातारण तैयार किए जाने में पीटीए हमेशा छात्रहित में खड़ा मिलेगा। प्रधानाचार्य जसवंती नेगी ने विद्यालय की उपलब्धियां सांझा की। बताया कि कक्षा 6 में हिमांशु, कक्षा 7 में सीता, कक्षा 8 में संजना, कक्षा 9 में शिप्रा, कक्षा 11 ए में राहुल सिंह और कक्षा 11 बी में आशीष सिंह नेगी को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया।

चक्रधर प्रसाद चमोली बने अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत घमंडपुर स्थित एक बारातघर में श्री चंपेश्वर महादेव जन विकास समिति की कोटद्वार शाखा का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में चक्रधर प्रसाद चमोली को अध्यक्ष व गणेशी नेगी को सचिव चुना गया। अन्य पदों पर शिव सिंह गुसांई को कोषाध्यक्ष व रणजीत सिंह रावत को संरक्षक का दायित्व दिया गया। ख्यात सिंह गुसांई, मनवर सिंह राणा, राम भरोषा सिंह गुसांई, रेवत सिह राणा, बिंदी देवी, रामसखी गुसांई को कार्यकारिणी में बतौर सदस्य शामिल किया गया है।

रामनवमी पर हुआ कन्यापूजन

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः रामनवमी का पर्व शहर में धूमधाम से मनाया गया। रामनवमी पर सुबह से ही देवी के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। मंदिरों व घरों में लोगों ने कन्याओं का पूजन कर मां का आशीर्वाद लिया। रविवार को रामनवमी पर शहर में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शहर से सटे अछरीखाल स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

इस दौरान मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक राजकुमार पोरी, नगरपालिकाध्यक्ष हिमानी नेगी ने हिस्सा लेते हुए मंदिर समिति के कायो की सराहना करते हुए मंदिर समिति को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। कोट ब्लाक के मां भुवनेश्वरी सिद्धपीठ में भी रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

स्थापना दिवस पर संगठन की मजबूती का लिया संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः भारतीय जनता पार्टी की ओर से नगर मंडल का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का भी संकल्प लिया। कहा कि भाजपा नगर मंडल लगातार समाज सेवा में अपना योगदान दे रहा है।

रविवार को पनियाली स्थित वन विभाग सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, सिंचाई विभाग सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ऋषि कंडवाल व नगर अध्यक्ष विकासदीप मित्तल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

वक्ताओं ने कहा कि भाजपा नगर मंडल ने राजनीतिक यात्रा की 46 वर्ष पूर्ण कर लिए है। पार्टी लगातार जनता के बीच रहकर उनके हितों को लेकर कार्य कर रही है। इसके लिए कार्यकर्ता व पदाधिकारी लगातार अपना योगदान दे रहे हैं। कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भी पार्टी पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। संगठन से युवाओं को जोड़ने के लिए भी प्रयास तेज हो रहे हैं। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता मुन्ना लाल मिश्रा ,गौ सेवा आयोग के सदस्य धर्मवीर गुसाई, सुनील गोयल, गोविंद सिंह रावत, सेवक राम मानुजा, कांति तिवारी, विजयानंद पोखरियाल,पंकज भाटिया,अनीता आर्य ,सुनीता कोटनाला, मंगतराम अग्रवाल, कृष्ण कुमार सिंघानिया, लक्ष्मी नेगी, रजनी बिष्ट, उमा नेगी, अर्चना शर्मा आदि मौजूद रहे।

कोटद्वार में आयोजित भाजपा नगर मंडल के कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते पदाधिकारी

क्रॉस कंट्री में रवि व सुहाना रहे अव्वल

राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम में क्रास कंट्री दौड़ में विजेताओं को पुरस्कृत करते खेल शिक्षक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः खेल निदेशालय देहरादून के सौजन्य से राजकीय राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम कोटद्वार में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान बालक वर्ग में रवि व बालिका वर्ग में सुहाना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

स्टेडियम में आयोजित खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल प्रशिक्षक सुनील रावत व जिला ओलपिंक संघ के सरंक्षक धीरेंद्र कंडारी ने किया। सर्वप्रथम बालक वर्ग की क्रास कंट्री दौड़ करवाई गई, जिसमें रवि प्रथम, आदित्य रावत द्वितीय व प्रत्युष तृतीय रहे। बालिका वर्ग में सुहाना प्रथम, साक्षी द्वितीयव निकिता तृतीय रही। विजेताओं को खेल विभाग की तरफ से पुरस्कृत किया गया। जबकि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले अन्य चार खिलाड़ियों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर स्टेडियम इंचार्ज श्याम सिंह डांगी, शिवम रावत, विक्रम सिंह, मान सिंह थापा, गौरव बाल्मिकी, हेमंत राठी, सुधीर नेगी, गबर सिंह आशीष भट्ट, अमित कुमार मौजूद रहे।

4.95 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस की हिरासत में आरोपी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी के तहत कोतवाली पुलिस ने 4.95 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने बताया कि रविवार सुबह पुलिस लकड़ीपड़ाव क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। बताया कि जब पुलिस ने युवक की जेब तलाशी की तो उसकी जेब से स्मैक की पुड़िया बरामद हो गई। युवक की पहचान लकड़ीपड़ाव निवासी इमरान के रूप में हुई है। युवक से बरामद स्मैक की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह बरेली से स्मैक खरीदकर उसे युवाओं को महंगे दामों में बेचने की तैयारी में था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

हरियाली वितरण के साथ चैत्र नवरात्र सम्पन्न

रुद्रप्रयाग। बीते 9 दिनों से चल रहे चैत्र नवरात्र का हवन यज्ञ और हरियाली वितरण के साथ समापन हो गया। इस मौके पर देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही।

वहीं नवमी के मौके पर लोगों ने घरों में तुलसी का रोपण किया और भगवान राम की पूजा–अर्चना की। जनपद के सिद्धपीठों में चैत्र नवरात्र पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गए। मंदिरों में नौ दिनों तक मां दुर्गा की विशेष पूजा–अर्चना, हवन एवं आरती की गई।

जिले के प्रसिद्ध सिद्धपीठ कालीमठ, कालशिला, मठियाणाखाल, चामुंडा देवी, हरियाली देवी सहित कई मंदिरों में चल रहे नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी के अवसर पर मां के नवें रूप की विशेष पूजा अर्चना कर आरती की गई। जिसके बाद सभी मंदिरों में जौ–तिल का हवन एवं पूर्णाहुति कर नवरात्र का समापन किया गया। नवरात्र के प्रथम दिन बोई गई जौ की हरियाली को भक्तों को प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। नवरात्र के अंतिम दिन दूर–दराज क्षेत्रों से मंदिरों में भक्तों का तांता दिनभर लगा रहा। इस दौरान भक्तों ने मां की पूजा अर्चना कर भक्तों ने अपने परिवार की सुख–समृद्धि की कामना भी की। जिससे भक्तों के जयकारों से मंदिरों का माहौल भक्तिमय हो गया।

इस अवसर पर कई स्थानों पर कन्याओं का पूजन किया गया। जबकि कई मंदिरों में भंडारे का आयोजन भी किया गया। भक्तों ने इसे प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। वहीं जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती नवरात्र भी पूजा–अर्चना एवं पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गए हैं।

जेईई व नीट के की तैयारी के लिए होगा 50 छात्रों का चयन

रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग के लिए खुशखबरी है, कि यहां के 50 छात्र–छात्राओं को इंजीनियरिंग जेईई व मेडिकल नीट की तैयारी के लिए चयन किया जाएगा। क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता भूपेंद्र भंडारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने देहरादून में बलूनी क्लासेज के निदेशक विपिन बलूनी से आग्रह किया था कि पहाड़ में भी सुपर 50 आयोजन किया जाए ताकि यहां के आर्थिक कमजोर बच्चों को निशुल्क कोचिंग का अवसर मिल सके। उन्होंने बताया कि चयनित छात्रों को एक साल निःशुल्क कोचिंग व स्टडी मटेरियल की सुविधा दी जाती है। यहां तक हॉस्टल फीस व मैस चार्ज में भी छूट दी जाती है। कहा कि यह सुविधा पहाड़ में आर्थिक कमजोरी से जूझ रहे मेधावी छात्र–छात्राओं एवं अभिभावकों के लिए किसी सुनहरे अवसर से कम नही है। कहा कि 12 वीं के बाद न सिर्फ बच्चे बल्कि उनके माता–पिता की सबसे बड़ी चिंता अपने बच्चों के भविष्य को लेकर रहती है। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा माह जुलाई 2025 में आयोजित होगी। इच्छुक छात्र–छात्राएं अभी से तैयारी शुरू कर दें।

प्रत्याशी की जीत के लिए किया मंथन

आयोजित बैठक में चर्चा करते सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः जिला कांग्रेस कमेटी ने आगामी पंचायत चुनाव की रणनीति को लेकर चर्चा की। इस दौरान प्रत्याशियों की जीत को लेकर मंथन भी किया गया। कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

दुगड्डा व द्वारीखाल ब्लॉक के अध्यक्षों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ जिलाध्यक्ष ने चर्चा की। जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने कहा कि अब जल्द ही पंचायत चुनावों की घोषणा होने वाली है, जिसके लिए कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं को भी पार्टी प्रत्याशी की जीत के लिए मेहनत करने की जरूरत है। कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता व पदाधिकारी को बूथ स्तर के कार्यकर्ता से जुड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में जिस कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाया जाएगा, उस प्रत्याशी के लिए सभी कार्यकर्ताओं को काम करना होगा। पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ कोई दूसरा व्यक्ति खड़ा होगा तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर द्वारीखाल के ब्लाक अध्यक्ष संजय तोमर, दुगड्डा के ब्लाक अध्यक्ष विमल बिष्ट, दिनेश चौधरी, कोमल सिंह, दीवान सिंह, राकेश कुमार, ललित मोहन, मेहरवान सिंह, शंकर सिंह नेगी, दिनेश रावत मौजूद रहे।

आदित्य इलेवन ने तीन रनों से जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

श्रीनगर गढ़वाल। शिवा अटैक अकादमी नैथाना में रविवार को अंडर 14 वर्ग की टी–20 क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में तीन टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का मैच विराज इलेवन बनाम आदित्य इलेवन के मध्य खेला गया। आदित्य इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते आठ विकेट खोकर 155 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए विराज इलेवन ने दस विकेट खोकर 152 रन ही बना पाई। आदित्य इलेवन ने 3 रनों से मैच अपने नाम किया। आदित्य इलेवन के अभिनव प्रताप 52 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। बतौर मुख्य अतिथि सामाजसेवी मंगत मटियाल ने विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। बताया कि शिवा अटैक अकादमी नैथाना बच्चों के अंदर खेल की भावना पैदा करने का जो कार्य कर रहा है वह सराहनीय है। अकादमी के सीनियर कोच व संस्थापक कुलदीप कुमार ने बताया कि शिवा अटैक अकादमी की अंडर–16 टीम के खिलाडी श्रीनगर की ओर से दिल्ली में हो रही प्रतियोगिता में प्रतिभा करने गये है।

पानी की समस्या दूर न होने से नाराज ग्रामीणों ने शुरू किया धरना

नई टिहरी। नरेंद्रनगर ब्लॉकी भरपूर पट्टी के कई गांव के ग्रामीण बूंद–बूंद पानी को तरस रहे हैं। उन्होंने पेयजल समस्या हल न होने पर गहरा आक्रोश जताया।

ग्रामीणों ने धरना देते हुए जल्द समस्या का समाधान न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। जबकि कुर्न की प्रशासक पुष्पा रावत ने आमरण अनशन शुरू कर दिया। जल जीवन मिशन योजना के तहत जल संस्थान और जल निगम ने डोबरी, खरसाड़ा, किरोड़, कुर्न, बौंठ, कुंडी, दनाड़ा, साकिनी, पाली, सिंस्वाड़ा, चिलपड़, चौंड, मसूण आदि गांव के ग्रामीणों को पेयजल कनेक्शन तो कर दिए हैं, लेकिन पेयजल स्रोत व टैंक निर्माण कार्य नहीं होने से पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिसके चलते गांवों में पेयजल संकट बना हुआ है। ग्रामीण बूंद–बूंद पानी को तरस रहे हैं। कुर्न गांव की ग्राम प्रशासक पुष्पा रावत ने पेयजल समस्या के निराकरण के लिए शनिवार से सौड़पानी में भूख हडताल शुरू कर दी है। उनकी भूखहड़ताल का रविवार दूसरा दिन रहा। ग्रामीणों ने धरना स्थल पर सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जलापूर्ति की मांग की। धरना स्थल पर पहुंचे पूर्व विधायक ओम गोपाल रावत, यूकेडी के केंद्रीय सचिव सरदार सिंह पुंडीर ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में अंतर है। गांवों में पेयजल की गंभीर समस्या है, लेकिन सरकार कुछ नहीं कर रही है। समाजसेवी विकास चंद्र रयाल ने कहा कि जेजेएम योजना में बड़ा भ्रष्टाचार किया गया है। कहा कि प्रभावित गांवों के निकट गंगा बह रही है, लेकिन ग्रामीण प्यासे हैं। जल निगम के ईई दौलत राम बेलवाल, जल संस्थान के ईई नरेश पाल सिंह ने धरना स्थल पर पहुंचकर समस्या के जल्द निराकरण का भरोसा दिया।

उफराई देवी मंदिर में चल रहे धार्मिक अनुष्ठान में पूर्णाहूति को उमड़े हजारों भक्त

रुद्रप्रयाग। दरमोला गांव की ऊंचाई पर स्थित मां उफराई देवी मंदिर में चल रहा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान पूर्णाहूति के साथ संपन्न हो गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने मां से आशीर्वाद लिया। वहीं भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। जबकि हरियाली का भी वितरण किया गया। उफराई देवी विकास समिति के सहयोग से उफराई देवी मंदिर में चल रही मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम रविवार को संपन्न हो गया। इस दौरान 40 कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। अंत में सभी भक्तों को जौ की हरियाली को प्रसाद के रूप में बांटा गया। विभिन्न गांवों की महिलाओं ने कीर्तन–भजन कर यहां के वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अंतिम दिन एक डेढ हजार से अधिक भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर मां का आशीर्वाद लिया।

भरदार क्षेत्र के दरमोला गांव स्थित उफराई देवी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतिम दिन ब्राह्मणों ने गणेश पूजा, पंचाग पूजा समेत नित्य पूजाएं वैदिक मंत्रों के साथ संपन्न की। जिसके बाद मां उफराई की मूर्ति को विशेष पूजा अर्चना की गई। भरदार क्षेत्र के आठ गांवों के सहयोग से चल रहा अनुष्ठान संपन्न हो गया है।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा
निविदा निरस्तीकरण
विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा से आमन्त्रित ई–निविदा संख्या– 07/EDDN/2024–25, ई–निविदा संख्या– 08/EDDN/2024–25 एवं ई–निविदा संख्या–09/EDDN/2024–25 को अपरिहार्य कारण से निरस्त की जाती है।
पत्रांक : 33/विविखनै/टी–6 दिनांक : 05.04.2025 अधिशासी अभियन्ता
विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

संक्षिप्त समाचार

डांग रोड पर चलाया स्वच्छता अभियान

श्रीनगर गढ़वाल। भागीरथी कला संगम सामाजिक संस्था ने रविवार को पौड़ी चुंगी डांग रोड़ पर स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान संस्था के सदस्यों द्वारा बोतलें सहित प्लास्टिक एकत्रित कर उसका निस्तारण किया गया। संस्था ने लोगों से शहर में स्वच्छता बनाये रखने की अपील की। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद बर्थवाल ने कहा कि सड़क के पास खाली जगहों पर लोगों ने कूड़े का डंपिंग जोन बनाये गये हैं,जिससे जगह –जगह कूड़ा बिखरने लगा है। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से जल्द सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति किए जाने की मांग की है। जिससे शहर में स्वच्छता बनी रहे।

गैरसैंण पहुंचने पर गौड़ का स्वागत

चमोली। वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के अध्यक्ष रामचंद्र गौड़ निवासी गैड़ का रविवार को गैरसैंण पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। दर्जाधारी भाजपा के वरिष्ठ नेता रामचंद्र गौड़ ने कार्यकर्ताओं के साथ वीर चंद्र सिंह गढ़वाली की मूर्ति पर फूल माला चढ़ाकर उनको नमन किया। उसके बाद कार्यकर्ताओं से साथ दर्जाधारी गौड़ ने ब्लॉक सभागार में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि धामी सरकार ने उन्हें जो सम्मान दिया है वह सदा उनके आभारी रहेगें। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए सदा तत्पर रहे हैं और हेंगे। इस अवसर पर प्रमुख शशि सौरियाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप रावत, नगर अध्यक्ष हुकम नेगी, जगमोहन कठैत, हीरा प्रसाद गौड़, मंगल नारायण, कुसुमतला गैड़ी, लाजवंती गौड़, बागेन्द्र लाल, संत राम, जितेन्द्र मेहरा, कस्तूरा देवी, हीरा फनियाल, लीलाधर जोशी, दिनेश गौड़, विरेन्द्र टम्टा , कृष्णा नेगी, महेश जुयाल, दयाल सिंह आदि कई भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बरसात से पहले जजरेड़ में भू–स्खलन रोकने का काम पूरा किया जाए

विकासनगर(। जौनसार बावर में निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण करने रविवार को लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता समेत अन्य आला अधिकारी पहुंचे। स्थानीय लोगों ने उनसे साहिया गो सदन तक जाने वाली सड़क का निर्माण करने की मांग की। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता राजेंद्र चंद्र शर्मा ने सबसे पहले कालसी–चकराता मोटर मार्ग पर जजरेड़ भू स्खलन जोन का निरीक्षण कर अधिकारियों को बरसात से पहले वैकल्पिक उपाय करने के निर्देश दिए। कहा कि बरसात में भू स्खलन से मार्ग अवरुद्ध होने की घटना कम से कम होनी चाहिए। इसके लिए वैकल्पिक तौर पर तार जाल लगाने के निर्देश दिए। साहिया पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने गो सदन तक जाने वाले संकरे मार्ग का चौड़ीकरण और डामरीकरण करने की मांग प्रमुख अभियंता से की। इसके बाद लोनिवि अधिकारियों ने चेईथा बैंड–लोरली–अष्टाड़ मार्ग निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग का लंबे समय से सुधारीकरण नहीं किया गया है। जर्जर मार्ग पर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। लोगों ने मोटर मार्ग के जल्द सुधारीकरण की मांग की।

इस दौरान अधिशासी अभियंता रचना थपलियाल, सहायक अभियंता मुकेश कुमार, राकेश चौहान, मोहनलाल शर्मा, बलवीर राठौर, मुकेश तोमर, केशर सिंह तोमर, कुंदन सिंह चौहान, प्रीतम चौहान, मनोज राठौर, संजय शर्मा, कुंदन सिंह चौहान, संतन सिंह आदि मौजूद रहे।

आक्रोश जताया

उत्तरकाशी। राजशाही के समय से ग्रामीणों को उनके हकहकूक के तहत मिलने वाली फ्री ग्रान्ट लकड़ी तथा रियायती दर पर मिलने वाली देवदार की पीडी ग्रामीणों को नहीं मिलने पर लोगों में रोष है। आक्रेशित क्षेत्र के लोगों ने शनिवार को खरादी में बैठक कर आंदोलन की रणनीति तय की तथा अपर यमुना वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी बड़कोट को ज्ञापन देकर ग्रामीणों की उक्त मांग को शीघ्र पूरी करने की मांग की। शनिवार को क्षेत्र के लोगों ने अपने हकहकूकों के लेकर एक आवश्यक बैठक खरादी में की, जिसमें निर्णय लिया गया कि वन विभाग द्वारा जनता के हक हकूक एवं पीडी आम काश्तकारों को रियायत दरों पर उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिससे आम जनता में आक्रेश व्याप्त है।

स्थानीय लोगों ने प्रभातिया वन अधिकारी को विज्ञापन देकर फ्री ग्रांट एवं पीडी देने की मांग की। साथ ही ग्रामीणों की इस मांग पर कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं किये जाने पर आने वाली 12 अप्रैल को वन विभाग कार्यालय में तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन करने की भी चेतावनी दी है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

विकासनगर(। पछुवादून में रविवार को भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मंडल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा जिलाध्यक्ष से लेकर विधायकों ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई दी। विकासनगर शहर मंडल में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। मंडल अध्यक्ष शुभम गर्ग ने कहा कि विश्व की सबसे बड़े राजनैतिक दल के कार्यकर्ताओं के लिए यह गर्व का पल है। केंद्र और प्रदेश में सत्ताधारी दल होने के कारण कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। ग्रामीण मंडल कार्यकर्ताओं ने

अपने आवास पर भाजपा का ध्वज फहराया। सहसपुर विधान सभा के शिवालिक मंडल कार्यकर्ताओं ने धर्मावाला में स्थापना दिवस मनाया। धर्मावाला चौक पर एकत्रित हुए कार्यकर्ताओं ने ढोल, नगाड़ों के साथ एक–दूसरे को मिष्ठान वितरित किया। मंडल अध्यक्ष रवि कश्यप ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस भारतीय राजनीति में पार्टी की बढ़ती ताकत और सफलता की कहानी को दर्शाता है। पार्टी ने अपने सफर में कई उतार–चढ़ाव देखे, लेकिन आज देश की सबसे बड़ी राजनीति राजनीतिक ताकतों में से एक बन चुकी है। उन्होंने कहा कि छह अप्रैल 1980 को हुई पार्टी की स्थापना के बाद से भारतीय जनता पार्टी ने भारतीय राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है।

कीर्तिनगर में आरएसएस ने किया पथ संचलन

श्रीनगर गढ़वाल(। सरस्वती विद्या मंदिर जाखणी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 पर रविवार को पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय से रामलीला मैदान कीर्तिनगर तक बैंड के साथ पथ संचालन किया गया। इस अवसर पर आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम आरएसएस के सामाजिक समरसता संयोजक सुशील कोटनाला ने कहा आज के ही दिन भगवान विष्णु का प्रथम अवतार हुआ था। कहा कि इसी माह संघ के संस्थापक डॉ.क्रेशवराव बलराम हेडगेवार का जन्मदिवस है। आज ही के दिन मर्यादा पुरुषोतम भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ था। आज ही के दिन आर्य समाज की स्थापना हुई थी। कहा कि नववर्ष प्रारंभ से ही इसी महीने में प्रकृति में बदलाव आता है। सभी पेड़–पौधों में नई पत्तियों का विकास होता है। कहा कि संघ की विजयदशमी 2025 को अपने 100 वर्ष पूरे करने जा रही है। वर्तमान समय में संघ भारतीय संस्कृति का एक मजबूत स्तंभ बन चुका है। मौके पर सुभाष, महेंद्र बंगवाल, मुकेश लखेड़ा, नरेश कोठियाल, देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी, पंकज उनियाल आदि मौजूद थे।

चैतन्य गौड़ीय मठ में धूमधाम से मनाया आर्विभाव महोत्सव

देहरादून। डीएल रोड स्थित चैतन्य गौड़ीय मठ में भक्ति बल्लभ तीर्थ गोस्वामी महाराज का जन्म महोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। रामनवमी के शुभ अवसर पर भक्तों ने एक दूसरे को बधाइयां भी दी। सुबह महाराज के शिष्यों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और आरती उतार कर उनकी महिमा का गुणगान किया। अलग–अलग स्थानों से आए संतों ने भी महाराज की महिमा का गुणगान किया। भक्तों ने महाराज की उदारता, सहनशीलता, शिष्यों के प्रति उनकी कृपा के कई उदाहरण प्रस्तुत किए। मठ रक्षक त्यागी महाराज ने बताया की गुरु जी कहते थे, हमारा जीवन हरि भक्ति के लिए है। उनका जन्म ग्वालपाड़ा में 1924 में हुआ। बचपन से ही उनका आध्यात्मिकता के प्रति झुकाव था। मुनि महाराज ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा महाराज ने जीवन के लगभग 80 वर्ष भगवान की शुद्ध–भक्ति के आचरण और प्रचार में बिताए। उनका जीवन एक पावन पावन ग्रंथ की तरह है, जिसकी एक–एक क्रिया, एक–एक का उपदेश हमें सिखाता है कि गुरु भक्ति और हरि भक्ति का सर्वोत्तम आचरण क्या और कैसे होता है।

गुरिल्लाओं ने आंदोलन को चेताया

उत्तरकाशी। बड़कोट में शनिवार को प्रशिक्षित गुरिल्ला संगठन के नौगांव ब्लॉक अध्यक्ष गुरुप्रसाद बहुगुणा की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें गुरिल्ला संगठन ने प्रदेश सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए गुरिल्लाओं की तीन सूत्रीय मांगों को शीघ्र पूरा पूरा करने की मांग की। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष गुरु प्रसाद बहुगुणा ने कहा है कि प्रशिक्षित गुरिल्लाओं को 18 से 60 वर्ष तक के लोगो को नौकरी व 60 वर्ष से ऊपर के गुरिल्लाओं को सम्मान जनक पेंशन तथा गुरिल्ला मृतक आश्रितों को उनका पूर्ण अधिकार दिए जाने सहित संगठन की महत्वपूर्ण मांगे हैं।

प्राथमिक शिक्षक संघ ने उठाई शिक्षकों की पदोन्नति की मांग

चमोली। रविवार को कर्णप्रयाग में प्राथमिक शिक्षक संघ जिला संयुक्त कार्यसमिति की बैठक जनपदीय अध्यक्ष दिगम्बर नेगी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पदाधिकारियों ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की और जनपद के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में रिक्त एवं सृजित पदों के सापेक्ष यथाशीघ्र पदोन्नति की मांग उठाई। बैठक में वार्षिक स्थानांतरण से पूर्व सरप्लस शिक्षकों के समायोजन की छात्रहित के दृष्टिगत मांग की गई। उच्च प्राथमिक में विषयवार रिक्तियों के अनुरुप सहायक अध्यापक के पदों पर पदोन्नति सूची जारी करने के लिए तत्काल विज्ञप्ति जारी करने को जनपदीय पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया, प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 1 में प्रवेश आयु आरटीई के तहत 6 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत ही प्रवेश दिए जाने की बाध्यता पर शिक्षक प्रतिनिधियों ने रोष व्यक्त किया। प्रतिनिधियों ने मांग की है कि प्राइवेट स्कूलों में आरटीई मानकों की कठोरता से जांच के उपरांत ही मान्यता प्रदान की जाए। जिन शिक्षकों को चयन, प्रोन्नत वेतनमान से नहीं मिल पाया, उनकी सूची तत्काल जारी की जाए। बैठक में जिलामंत्री मुकेश नेगी, कोषाध्यक्ष प्रेमसिंह फर्स्वाण, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन रावत, उपाध्यक्ष पानू चौहान, डॉ. विजेंद्र कठैत, रमेश जोशी, नलिन रावत, दर्शन गिरि, संयुक्तमंत्री महिपाल चौहान, उपमंत्री राजेंद्र कठैत, संगठनमंत्री सुशीलराज, रघुवीर भंडारी, प्रचारमंत्री प्रेमा कठैत, उमेश नौटियाल, प्रेमबल्लभ नौटियाल, खुशाल सिंह, देवेंद्र सिनवाल, दिनेश बिष्ट, मनोज भट्ट, पुष्कर बिष्ट, राजेंद्र नेगी, सुरेंद्र बिनवाल, जगदीप रावत, यदुवीर बिष्ट, रणवीर नेगी, आलोक नौटियाल उपस्थित रहे।

मां चंडिका मंदिर में हवन किया

चमोली। नवरात्र में रविवार को शक्ति और समृद्धि कि अधिष्ठात्री मां चंडिका चांडी देवी मंदिर में यज्ञ का आयोजन किया गया। हजारों मंत्रों के साथ आहुतियां की गईं। माता चंडिका के मंदिर में नवरात्र के प्रथम दिन से ही शास्त्रीय विधि से नवरात्र अनुष्ठान किया जा रहा था। रविवार को नवरात्र के समापन अवसर पर देवी पूजन मां चंडिका, जाख देवता और मां काली के पश्वाओं में देवी, देवताओं के स्वरूप अवतरित हुए। उन्होंने ने सभी के कल्याण के आशीर्वाद दिया। शक्ति और समृद्धि की देवी चंडिका चांडी देवी मंदिर में आयोजित नवरात्र अनुष्ठान के सम्पन्न दिवस पर हजारों की संख्या में देवी के भक्त पहुंचे। सबने श्रद्धा और आस्था से माता का पूजन किया। नवरात्र के सम्पन दिवस पर रविवार को कन्याओं का पूजन किया गया।

लोक कल्याण समिति प्रतीतनगर ने किया मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन

ऋषिकेश। लोक कल्याण समिति प्रतीतनगर की ओर से रविवार को द्वितीय मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के बालक वर्ग में सुग्रीव और बालिका वर्ग में समीक्षा रतूड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मैराथन दौड़ के जरिये लोक कल्याण समिति ने नशा मुक्ति और मतदाता जागरूकता का भी संदेश दिया। मिनी मैराथन की बालक और बालिका वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतीतनगर, रायवाला, गौहरिमाफी और खांड गांव के कुल 52 प्रतिभागियों ने शिरकत की। अधिकांश प्रतिभागियों ने निर्धारित पांच किमी की दूरी तय की। दौड़ हनुमान चौक से प्रारंभ होकर रायवाला ग्राम पंचायत के वसंती माता चौक, पोखरियाल चौक और श्री रामलीला चौक प्राइमरी स्कूल पर सम्पन्न हुई। बालक वर्ग में प्रथम स्थान सुग्रीव, द्वितीय स्थान सुनील सिंह एवं तृतीय स्थान विनय चौधरी ने प्राप्त किया। वहीं

बालिका वर्ग में प्रथम स्थान समीक्षा रतूड़ी, द्वितीय स्थान ऋषिका, तृतीय स्थान अक्षिता एवं धैर्य ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। समापन अवसर पर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मौके पर लोक कल्याण समिति के अध्यक्ष गंगाधर गौड़, बालेन्द्र सिंह नेगी, नरेश थपलियाल, कोषाध्यक्ष मुकेश तिवाडी, विरेन्द्र नौटियाल, अंजू बडोला, आशीष सेमवाल, नवीन चमोली, रूचि सती, रेखा थपलियाल, महेंद्र राणा, जिला पंचायत सदस्य हरिपुरकला दिव्या बेलवाल, राजेश जुगलान, ग्राम प्रधान रोहित नौटियाल, शंकर दयाल धनाई आदि उपस्थित रहे।

श्रीराम के जयकारों के साथ निकली शोभायात्रा

ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश में रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। रविवार को पौराणिक श्री रघुनाथ मंदिर से डोलीयात्रा निकाली गई। विभिन्न जगहों पर डोली यात्रा का श्रद्धालुओं ने स्वागत किया।

समूचा क्षेत्र श्रीराम के जयकारों से गूंजायमान रहा। रविवार की सुबह गंगा तट स्थित श्री रघुनाथ मंदिर से विधिवत पूजा–अर्चना के साथ भगवान श्रीराम का अभिषेक किया गया। इसके बाद श्री रघुनाथ मंदिर से भगवान श्री राम की बैंड बाजों के साथ धूमधाम से डोलीयात्रा निकाली गई।

यात्रा त्रिवेणी घाट, हरिद्वार, क्षेत्र बाजार से होकर त्रिवेणी घाट पर संपन्न हुई। जिसका नगर वासियों ने जगह–जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। मंदिर प्रबंधक राहुल शर्मा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष रामनवमी पर शोभायात्रा निकाली जाती है। मौके पर मनोज गुप्ता,

अजय कालड़ा, संजय कोहली, शिव बंसल, बंशीधर शर्मा, तोताराम, प्रद्युम्न कुमार, अभिषेक, पंकज, हुकम सिंह, अजय आदि उपस्थित रहे।

ऋषिकुमारों ने की श्रीराम स्तुति

परमार्थ निकेतन में श्रीराम नवमी का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। परमार्थ निकेतन के ऋषिकुमारों ने भजन–कीर्तन कर प्रभु श्रीराम की स्तुति की। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि भगवान श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं, जिन्होंने अपने जीवन से सत्य, सेवा, त्याग और कर्तव्य का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

आंबेडकर की जयंती पर भीम आर्मी निकालेगी रैली

श्रीनगर गढ़वाल। नगर क्षेत्र में भीम आर्मी एकता मिशन की ओर से एक आम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डा. बीआर आम्बेडकर की जयंती को धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा की गई। भीम आर्मी एकता मिशन के सुरेश मुख्याल ने बताया कि आयोजित बैठक में वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

साथ ही आंबेडकर जयंती को भव्य रूप से मनाने की बात कही। कहा कि 14 अप्रैल को बीआर आंबेडकर जयंती के अवसर पर आंबेडकर पार्क शनि मंदिर के पास कार्यक्रम का आयोजन होगा, इसके उपरांत शाम पांच बजे नगर क्षेत्र में रैली का आयोजन किया जायेगा। बैठक में बिहारी लाल शाह, धनेश्वर प्रसाद, रिंक, अभिषेक, राकेश, दिनेश, मौसीन, बादल, अमित आदि मौजूद रहे।

प्रो खंडूड़ी को सम्मानित किया

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल केंद्रीय विवि के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर द्वारा अभी तक 1600 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षण देने पर केंद्र की निदेशक प्रो. इंदु पांडे खंडूड़ी को सम्मानित किया गया।

विवि चौरास परिसर स्थित केंद्र सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. एमएमएस रौथाण ने कहा कि प्रो. इंदु द्वारा केंद्र के निदेशक पद पर रहते हुए उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। 35 से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर 1600 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षण देने का कीर्तिमान भी उन्होंने स्थापित किया।

शिक्षण कार्यों के साथ ही शोध क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्य अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणादायी हैं। कुलसचिव प्रो. राकेश ढोड़ी ने भी उनके द्वारा शिक्षण और शोध क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की। चौरास कैंपस के निदेशक प्रो आरएस नेगी ने कहा कि विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर के माध्यम शिक्षक शिक्षण की विभिन्न विधाओं में पारंगत हुए।

केंद्र की प्रोग्राम एग्जीक्यूटिव डॉ कविता भट्ट ने कहा कि प्रो. इंदु पांडे का व्यक्तित्व और शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्यों को शिक्षकों और छात्रों के लिए भी प्रेरणादायी हैं। केंद्र के पूर्व सहायक निदेशक ने प्रो विजय ज्योति ने भी प्रो. इंदु पांडे खंडूड़ी के प्रयासों की सराहना की। केंद्र के कार्यवाहक निदेशक डा. राहुल कुंवर ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

केंद्र के सहायक निदेशक डॉ सोमेश थपलियाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। मौके पर पूनम, पारुल, बलवीर, अनिल, ओमप्रकाश और अन्य शोधार्थी उपस्थित थे।

रामनवमी पर आरएसएस ने निकाला पथ संचलन

विकासनगर(। चैत्रीय नवरात्र की रामनवमी पर रविवार को विकासनगर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से पथ संचलन निकाला गया। कोतवाली रोड स्थित एनफील्ड लॉन से निकाले गए पथ संचलन का स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पथ संचलन सैयद रोड, डाकपत्थर तिराहे से मुख्य बाजार, संघ कार्यालय, 28 फिट्टा रोड रोड, अस्पताल रोड, काली माता मंदिर होता हुए एनफील्ड लॉन में वापस पहुंचकर समाप्त हुआ। स्वयं सेवकों और स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता जिला प्रचारक सौरभ ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक की स्थापना सन 1925 में हुई, तब हमारा देश पराधीन था। उस समय दो धाराएं थीं। एक धारा अहिंसावादी थी जिसका नेतृत्व गांधी कर रहे थे। दूसरे आंदोलन में सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद वीर सावरकर आदि महान क्रांतिकारी थे। मगर हमारे देश में अंग्रेजों से पहले मुगलों का शासन था। इसलिए भारत की आजादी सिर्फ आजादी रह जाती। ऐसे समय में संघ के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने चिंतन किया। हमारा देश गौरवशाली है, लेकिन मूलतत्व समाप्त हो रहा है। लिहाजा हेडगेवार ने स्वाभिमान जगाने की जरूरत समझी। उन्होंने अध्ययन किया कि यहां का मूल हिंदू संगठित नहीं हैं। ऐसा सोचते हुए 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में संघ की स्थापना हुई। यही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व्यक्ति निर्माण करता है। यह सब शाखा से संभव हो पाता है। शाखा टोली के माध्यम से हम संघ का विस्तार करते हैं। पूरे विश्व में जितने भी संगठन हैं वह बचपन से कार्यकर्ता नहीं बनाते, सिर्फ संघ में बचपन से ही जिम्मेदारी दी जाती है। बचपन से ही कूट–कूट कर संघ निर्माण की कार्यशैली डाली जाती है।

संघ की शाखा में एक साथ बौद्धिक, शारीरिक कार्यक्रम होते हैं। संघ के स्वयंसेवक जाति धर्म से उठकर निस्वार्थ भाव से कार्य करते हैं, जहां पर भी आवश्यकता पड़ती है संघ के स्वयंसेवक तैयार रहते हैं। जिला प्रचारक ने कहा कि हम जिस तरह अपने जन्मदिवस के अवसर पर कुछ संकल्प लेकर अगले साल की योजना बनाते हैं, उसी तरह इस प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव पर सामाजिक परिवर्तन के लिए संकल्प लें।

कार्यकर्ताओं ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

उत्तरकाशी। भारतीय जनता पार्टी चिन्यालीसौड़ के कार्यकर्ताओं ने रविवार को पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने पाटी का ध्वजारोहण किया तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। रविवार को भाजप चिन्यालीसौड़ के कार्यकर्ता यूजेवीएनएल के गेस्ट हाऊस मे एकत्रित हुए। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष मनीष कुकरेती ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को ही पार्टी की स्थापना हुई थी। कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित दल है, जो कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करता है।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाकर सेल्फी सोशल मीडिया पर साझा करे। मौके पर अध्यक्ष मनीष कुकरेती, जिला उपाध्यक्ष विजय बडोनी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुभाष नौटियाल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष डा अमित सकलानी प्रशासक शैलेन्द्र कोहली, विजय पाल महन्त, सुफल दास ,संजय कंडियाल, लक्ष्मण सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वीकेंड में शहर में दिनभर जाम का झाम

ऋषिकेश। वीकेंड पर रविवार को ऋषिकेश में यातायात एक बार फिर से पटरी से उतर गया। सुबह से लेकर शाम तक पर्यटकों और स्थानीय लोगों को नगर क्षेत्र में जगह–जगह जाम का झाम झेलना पड़ा। जाम के चलते चौक–चौराहों पर वाहन रेंग–रेंगकर गुजरे, जिससे वाहन सवार लोगों की जमकर फजीहत हुई। गर्मी ने उनकी मुश्किलों को और ज्यादा बढ़ा दिया। रविवार को हरियाणा, दिल्ली और आसपास के राज्यों से पर्यटकों ने ऋषिकेश का रुख किया तो शहर के मुख्य मार्ग से लेकर हरिद्वार बाईपास रोड पर अचानक वाहनों का दबाव बढ़ गया है। सुबह 10 बजे के बाद से ही जयराम चौक, घाट चौक, दून तिराहा, चंद्रभागा तिराहा पर जाम की स्थिति बननी शुरू हुई,

जोकि शाम तक बरकरार रही। सवारी वाहनों ने शहर की आंतरिक सड़कों का रुख किया, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। आंतरिक मार्गों पर भी सवारी वाहनों के दौड़ने से स्थानीय लोगों को परेशानियां पेश आई। मुख्य मार्ग पर ऋषिकेश से मुनिकीरेती तक पहुंचने लिए पर्यटक भी वाहनों में लाल–पीला होते दिखे। वहीं, हरिद्वार बाइपास मार्ग पर गौरादेवी चौक और इंद्रमणि बडोनी चौक पर भी वाहनों की दिनभर कतारें लगती रही। भीड़भाड़ में यहां बाइपास रोड पर वाहन रेंगते हुए दिखे। अचानक वाहनों का दबाव अत्याधिक होने की वजह से पुलिस भी यातायात को सुचारू रखने में बेबस नजर आई। सीओ संदीप सिंह नेगी बताया कि पुलिस ने ट्रैफिक को सुचारू रखने के लिए प्लान तैयार किया है। यात्राकाल में यह प्लान लागू कर दिया जाएगा। फिलहाल कहीं भी जाम की स्थिति पैदा न हो, इसके लिए कोतवाली व ट्रैफिक पुलिस को सख्त दिशा–निर्देश दिए हैं।

हरिपुर में यमुना कृष्णधाम का भूमि पूजन किया

विकासनगर(। रामनवमी के पावन अवसर पर लोक पंचायत और जमुना तीर्थ समिति के तत्वावधान में हरिपुर स्थित यमुना कृष्ण धाम का भूमि पूजन अनुष्ठान किया गया। इसके साथ धाम निर्माण का कार्य शुरू किया गया। पं. शिवानंद उनियाल ने कहा कि रामनवमी के पवित्र अवसर पर किए गए शुभ कार्य करने से सतोंगुण वृद्धि होती है। उन्होंने धाम निर्माण के लिए सभी लोगों से अपील की कि हर व्यक्ति निस्वार्थ भाव से समाज हित के कार्य में अपना योगदान देंगे। लोक पंचायत के वरिष्ठ सदस्य मोहना खत के स्याणा जयपाल चौहान ने बताया कि हरिपुर में घाट निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। अब धीरे–धीरे यहां पर विभिन्न धाम व आश्रमों का भी निर्माण होगा। समाज के सहयोग से जमुना कृष्ण धाम का निर्माण किया जाएगा जबकि

घाट निर्माण का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। यमुना कृष्ण धाम समिति के अध्यक्ष गंभीर चौहान ने कहा कि यमुना तट पर घाट निर्माण के बाद हरिपुर अपने प्राचीन वैभव को वापस प्राप्त करेगा। केएस चौहान ने कहा कि हरिपुर का प्राचीन काल में अत्यंत समृद्ध इतिहास था। यहां धार्मिक दृष्टि से इस स्थान का बड़ा महत्व रहा है। मां यमुना में चार नदियों का संगम होने से यह स्थान पुण्य भूमि है। इस स्थान को और विकसित करने के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है। इस दौरान श्रीचंद शर्मी, भारत चौहान, रणवीर चौहान, गजेंद्र जोशी, सतपाल चौहान, अनिल तोमर, केसर नेगी, दिनेश तोमर, गजेंद्र तोमर, खजान चौहान, प्रीतम सिंह, चमन नेगी, जवाहर सिंह राणा, बलवीर रावत, मुकेश शर्मी, चंचल चौहान, संसार सिंह तोमर, कुंवर सिंह, प्रताप बिष्ट, अमित चौहान आदि मौजूद रहे।

भाजपा देश को विकास की ओर ले जा रही

हरिद्वार। हरिद्वार में जिला कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी का 46वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर जिला कार्यालय पर पार्टी ध्वज फहराकर मिष्ठान वितरित किया गया। जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 1951 में जनसंघ के रूप में शुरू हुई पार्टी 1980 से भारतीय जनता पार्टी के रूप में अपनी श्रेष्ठ यात्रा को शुरू कर आज विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में एक वटवृक्ष बन चुकी है। उन्होंने कहा कि पार्टी के 16 करोड़ से ज्यादा सदस्य देशभर को विकास की ओर ले जाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश का नेतृत्व मोदी के सुरक्षित और मजबूत हाथों में है और प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने विश्वास जताया कि जल्द ही उत्तराखंड देश के शीर्ष राज्यों में अपना स्थान बनाएगा। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है और यही एक ऐसी पार्टी है जिसमें सामान्य कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष और देश का प्रधानमंत्री भी बन सकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता राजनीति करने के लिए नहीं, बल्कि समाज की सेवा का संकल्प लेकर राजनीतिक क्षेत्र में कार्य करते हैं। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, आशु चौधरी, लव शर्मी, सुनील सैनी, नितिन शुक्ला, मोहित वर्मी, नकली राम सैनी, मनोज शर्मी, रजनी वर्मा, वासु पाराशर, अनुज त्यागी, शांतनु शर्मी, मोनू चौहान, राजकुमार सैनी, राहुल चौहान, विनोद सैनी आदि उपस्थित रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com